

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21



5 साउथ अफ्रीका की लगातार चौथी जीत यूएई को 6 विकेट से हराया | सम्पादकीय अपने मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने का........ | सेंसेक्स 283 अंक बढ़कर 83,734 पर बंद 5



वर्ष 12 अंक 352 E-mail: dholpur@hotmail.com | जयपुर, गुरूवार 19 फरवरी 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर पहले चीनी रोबोट फिर ड्रोन को अपना बताया

### कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया



था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम 'ओरियन' है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी‚ढ्ढ के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी 'यूनिट्री' का गो 2' मॉडल है,

## चीन में आतिशबाजी की दुकान में धमाका, 12 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के हुबेई प्रांत में आतिशबाजी की एक दुकान में जोरदार विस्फोट होने से 12 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार दोपहर शिंजियांन शहर में हुआ। धमाके के बाद दुकान में भीषण आग लग गई। चीनी समाचार एजेंसी के मुताबिक, धमाके की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल विस्फोट की असली वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।चीन में लूनर न्यू ईयर और स्प्रिंग फेस्टिवल के दौरान बड़े पैमाने पर आतिशबाजी की जाती है। इसी वजह से इस समय हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है। इससे पहले रविवार को जियांगसु प्रांत में एक आतिशबाजी दुकान के पास हुए हादसे में 8 लोगों की जान चली गई थी।

## किसी लड़की का नाड़ा खींचना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश माना जाएगा : सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला पलटा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की के पायजामे का नाड़ा खींचना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप की कोशिश माना जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें इसे रेप की कोशिश की जगह रेप की तैयारी बताया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का गलत इस्तेमाल किया है। कोर्ट ने कहा,हम हाईकोर्ट की इस बात से सहमत नहीं हैं कि आरोप



केवल तैयारी तक सीमित हैं। आरोपियों की हरकत साफ तौर पर रेप की कोशिश की ओर इशारा करती है। पहली नजर में शिकायतकर्ता और अभियोजन ने रेप की कोशिश का मामला बना दिया है।दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 मार्च, 2025 को दिए आदेश में कहा था कि ये कृत्य रेप या रेप की कोशिश की केटेगरी में नहीं आते, इसके बाद 'अटेंप्ट टू रेप' का आरोप हटाने का निर्देश दिया था।हाईकोर्ट का फैसला सामने आते ही विवाद बढ़ गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर 25 मार्च, 2025 को रोक लगा दी थी।

## राज्यसभा की 37 सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है।

सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6 और पश्चिम बंगाल-बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। शरद पवार, रामदास अठावले, कणिमोझी, तिरुचि शिवा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी।

**ऐसे होता है राज्यसभा चुनाव**

राज्यसभा सांसदों के लिए चुनाव



की प्रक्रिया दूसरे चुनावों से काफी अलग है। राज्यसभा के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं यानी जनता नहीं बल्कि विधायक इन्हें चुनते हैं। चुनाव हर दो साल में होते हैं, क्योंकि राज्यसभा एक स्थायी सदन है और इसके एक-तिहाई सदस्य हर दो साल में रिटायर होते हैं। राज्यसभा सीटों की कुल संख्या 245 हैं। इनमें से 233 सीटों पर अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव होते हैं और 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करते हैं।

राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए कितने वोटों की जरूरत होती है, ये पहले से ही तय होता है। वोटों की संख्या का कैलकुलेशन कुल विधायकों की संख्या और राज्यसभा सीटों की संख्या के आधार पर होता है। इसमें एक विधायक की वोट की वैल्यू 100 होती है।



## कुत्तों-मुसलमानों में से एक को चुनना आसान : अमेरिकी सांसद

आर.एन.एस

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन के एक सोशल मीडिया पोस्ट से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने मंगलवार को ङ्ग पर लिखा कि अगर कुत्तों और मुसलमानों में से एक को चुनना पड़े तो यह मुश्किल फैसला नहीं है।

दरअसल, रैंडी फाइन ने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क में एक फिलिस्तीनी-अमेरिकी एक्टिविस्ट नरदीन किसवानी की पोस्ट के जवाब में की थी। किसवानी ने लिखा था कि कुत्ते अपवित्र हैं। ऐसे समय में जब न्यूयॉर्क इस्लाम की ओर बढ़ रहा है, कुत्तों को घर के अंदर नहीं रखना चाहिए। इन्हें बैन करना चाहिए।

इस पर फाइन ने कहा कि दुनिया में 57 ऐसे देश हैं, जहां शरिया कानून लागू है। अगर आप ऐसा चाहते हैं तो वहीं चले जाइए। अमेरिका 58वां मुस्लिम देश नहीं बनेगा।

बाद में किसवानी ने कहा कि वह बस मजाक कर रही थीं। यह न्यूयॉर्क में सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों की गंदगी को लेकर चल रही बहस से जुड़ा था। ऐसा उन लोगों के लिए कहा गया था, जो राजनीति में मुस्लिमों के बढ़ते प्रभाव को खतरा मानते हैं।

**फाइन पर मुसलमानों को अमानवीय दिखाने का आरोप**

किसवानी ने होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम के पुराने बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने अपने फार्म पर एक कुत्ते को गोली मारने की बात कही थी।

किसवानी ने लिखा, 'क्रिस्टी नोएम ने अपने ही कुत्ते को गोली मारने की बात कही और ज्यादातर लोगों ने ध्यान नहीं दिया। न्यूयॉर्क में एक मुस्लिम कह दे कि शहर पालतू जानवरों के लिए सही जगह नहीं है तो उसे मौत की धमकियां मिलने लगती हैं।'

किसवानी ने फाइन पर फिलिस्तीनियों और मुसलमानों को अमानवीय दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की ओर से आ रही मुस्लिम विरोधी भाषा पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती।

## राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए : रिजिजू

आर.एन.एस

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने ये बातें न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहीं।

रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनपब्लिश्ड



किताब लहराना। यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। हमने भारत के इतिहास में ऐसा लीडर ऑफ अपोजिशन कभी नहीं देखा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है।

## महाराष्ट्र में मुस्लिमों के 5% आरक्षण का आदेश रद्द, 2014 में कांग्रेस अध्यादेश लाई थी

आर.एन.एस

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट ने मंगलवार को एक सरकारी रेजोल्यूशन जारी किया। इसके जरिए सरकार ने अपने 10 साल पुराने उस सरकारी आदेश को कैंसिल कर दिया। जिसमें मुस्लिम कम्युनिटी को एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और सरकारी और सेमी-गवर्नमेंट नौकरियों में 5% रिजर्वेशन देने की बात कही गई थी। हालांकि पिछले 10 सालों से यह आदेश इनवैलिड रहा है क्योंकि 2014 में कांग्रेस सरकार की तरफ से लाया गया अध्यादेश तय समय (6 हफ्ते) में विधानसभा से पास नहीं कराया जा सका, जिससे यह खुद ही इनवैलिड हो गया था। जुलाई 2014 में कांग्रेस-



एनसीपी की गठबंधन की सरकार थी। अक्टूबर 2014 में सरकार बदल गई। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा-शिवसेना सरकार बनी। नई सरकार ने नौकरी वाले मुस्लिम आरक्षण को आगे नहीं बढ़ाया।कांग्रेस-एनसीपी सरकार ने मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने से पहले पांच सालों (2008-2013) तक रिसर्च की। सरकार ने सामाजिक-शैक्षणिक स्थिति पर कई कमेटियां/रिपोर्ट्स बनवाईं। नतीजा यह निकला कि मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्ग पिछड़े हैं, इसलिए आरक्षण की सिफारिश की गई।

## सीएम हिमंता असम के जिन्ना, नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करें : कांग्रेस सांसद गोगोई

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा और कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन करने जा रहे भूपेन कुमार बोरा पर कमेंट किया है।

उन्होंने बुधवार को गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हिमंता ने बोरा को कांग्रेस का आखिरी हिंदू नेता बताया है। हिमंता 'असम के जिन्ना' हैं, उन्हें नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करना चाहिए।

गोगोई ने ये भी कहा- भाजपा में शामिल होने वाले नेता अपनी पार्टी के लिए गैरजरूरी हो जाते हैं। ऐसा ही हाल असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का होगा, जो 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे।

कांग्रेस सांसद ने कहा- जो नेता भाजपा में गए हैं, वे अप्रासंगिक हो गए हैं। सर्बानंद सोनोवाल इसका उदाहरण हैं। असम गण परिषद (एजीपी) भी लगभग खत्म होने की कगार पर है।



भूपेन बोरा के भाजपा में जाने से कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**यह लड़ाई असली कांग्रेस-पुरानी कांग्रेस के बीच**

गोगोई ने कहा है कि कांग्रेस एक मजबूत संगठन है और किसी एक नेता के जाने से पार्टी की चुनावी संभावनाएं प्रभावित नहीं होंगी।

आगामी विधानसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं, बल्कि असली कांग्रेस और पुरानी कांग्रेस के बीच होगा।

भाजपा में कई ऐसे नेता हैं, जो पहले कांग्रेस में थे और राज्य में 15 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार से जुड़े रहे।भूपेन बोरा का आरोप- गौरव गोगोई ने मुझे अपमानित किया

इधर, कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने पार्टी नेतृत्व, खासकर गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बोरा ने कहा कि उन्होंने विभिन्न दलों के साथ गठबंधन वार्ता शुरू की थी।



## दिल्ली- एनसीआर की हवा की सेहत सुधरी एक्यूआई कम होने से ग्रेप- 2 के प्रतिबंध हटे

आर.एन.एस

**जयपुर।** दिल्ली में तेज हवाओं और बूंदाबांदी से प्रदूषण में थोड़ी कमी आई है। ऐसे में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें मंगलवार की तुलना में 35 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 264 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, नोएडा में 232, ग्रेटर नोएडा में 247 और गाजियाबाद में 246 एक्यूआई दर्ज किया गया। हवा की सेहत सुधरने से ग्रेप-2 के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं।

फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 166 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 1200 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 3000 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, शाम चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 205.6 और पीएम2.5 की मात्रा 99.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच जाएगी।

**ग्रेप-2 के तहत लागू थी ये पाबंदियां**

आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक इकाइयों में डीजल जनरेटर पर रोक, पार्किंग शुल्क, सीएनजी-इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो के फेरे बढ़ाने के निर्देश थे, इमरजेंसी सेवाओं के लिए डीजल जनरेटर के इस्तेमाल में छूट थी, ग्रेप-2 के तहत सीएक्यूएम ने पार्किंग शुल्क बढ़ाने के निर्देश दिए थे, ताकि सड़कों पर निजी वाहनों का दबाव कम हो।

इसके अलावा एनसीआर में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों के साथ ही मेट्रो के फेरे बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे।

## केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया जारी है : उमर अब्दुल्ला

आर.एन.एस

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया 'जारी' है, हालांकि इसमें उम्मीद से ज्यादा समय लग रहा है, लेकिन उन्होंने आशा व्यक्त की कि इंतजार ज्यादा लंबा नहीं होगा।

जम्मू और कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के बारे में बोलते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि हालांकि त्वरित समाधान की उम्मीदें थीं, लेकिन केंद्र के साथ बातचीत जारी है।मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, 'प्रक्रिया जारी है और इसमें अधिक समय लग रहा है। हमें उम्मीद थी कि अब तक राज्य का दर्जा मिल चुका होगा, लेकिन हमने अभी तक उम्मीद नहीं छोड़ी है। हम इस मामले पर केंद्र सरकार से लगातार बातचीत कर रहे हैं... अब हमें उम्मीद है कि इसके लिए हमें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा... '।अनुच्छेद 370 को निरस्त करने



और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू और कश्मीर, और लद्दाख - में विभाजित करने के बाद अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित किया गया था। तब से, इस क्षेत्र के राजनीतिक दल लगातार राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं।इसी बीच, मुख्यमंत्री ने आज सुबह रमजान के पवित्र महीने के लिए की गई तैयारियों का आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की।उन्होंने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी हो, शिकायतों का प्रभावी निवारण हो और प्रमुख पूजा स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं ताकि लोगों के लिए शांतिपूर्ण और आरामदायक रमजान सुनिश्चित हो सके।मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'मुख्यमंत्री ने आज रमजान के पवित्र महीने के लिए व्यवस्थाओं का आकलन करने हेतु एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति हो, शिकायतों का प्रभावी निवारण हो और प्रमुख पूजा स्थलों पर आवश्यक

## अमेरिका के 50 फाइटर जेट मिडिल ईस्ट रवाना

### इनमें एफ-22, एफ-35 और एफ-16 शामिल,

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में पिछले 24 घंटों में 50 से ज्यादा फाइटर जेट भेजे हैं। इंडिपेंडेंट फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा और मिलिट्री एविएशन मॉनिटर्स ने कई स्न-22, स्न-35 और स्न-16 फाइटर जेट को मिडिल ईस्ट की ओर जाते हुए रिकॉर्ड किया है।

यह जानकारी अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में हुई दूसरी दौर की बातचीत के दौरान सामने आई है। दोनों देशों के बीच परमाणु समझौते से जुड़े मुद्दों को लेकर मतभेद बने हुए हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तय की गई शर्तों को ईरान मानने को तैयार नहीं है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि बातचीत के कुछ



हिस्से सकारात्मक रहे, लेकिन कई अहम मुद्दों पर अब भी सहमति नहीं बनी है।

इन बयानों से साफ है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत अभी भी नाजुक दौर में है। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि अगर ईरान अमेरिकी मांगें नहीं मानता, तो अमेरिका ताकत का इस्तेमाल करेगा।

अमेरिका ने रिफ्यूलिंग टैंकर भी मिडिल ईस्ट भेजे

अमेरिकी फाइटर जेट्स के साथ कई एरियल रिफ्यूलिंग टैंकर भी मिडिल ईस्ट की ओर जाते देखे गए हैं। इससे संकेत मिलता है कि विमान लंबे समय तक ऑपरेशन की तैयारी में हैं।

इस बीच, अमेरिकी अधिकारी ने मीडिया को बताया कि स्स् जेराल्ड आर. फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप कैरिबियन से रवाना होकर मिड-अटलांटिक में पहुंच चुका है और मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ रहा है। अगले चार-पांच दिन में उसके पहुंचने की उम्मीद है।

# सरसों उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोर्टेवा-बीएएसएफ की नई क्लियरफील्ड प्रणाली लॉन्च




**कोर्टेवा एग्रीसाइंस इंडिया ने बीएएसएफ इंडिया के साथ रणनीतिक साझेदारी में सरसों की फसल के लिए नई क्लियरफील्ड0 प्रोडक्शन सिस्टम लॉन्च किया है। यह नॉन-जीएम फसल प्रणाली है, जिसका उद्देश्य प्रभावी खरपतवार नियंत्रण के माध्यम से सरसों की उपज क्षमता बढ़ाना और उत्पादन को स्थिर बनाना है**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत में सरसों खाद्य तेल देने वाली प्रमुख फसलों में शामिल है। देश में इसका वार्षिक उत्पादन 40 लाख टन से अधिक है और लगभग 80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में इसकी खेती की जाती है। हालांकि, ओरोबैंके जैसे परजीवी खरपतवार किसानों के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन खरपतवारों के कारण 50 प्रतिशत तक उपज हानि हो सकती है और गंभीर स्थिति में पूरी फसल नष्ट होने की आशंका रहती है। ऐसे में प्रभावी खरपतवार प्रबंधन को उत्पादन और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता से जोड़ा जा रहा है। नई क्लियरफील्ड तकनीक में बीएएसएफ का स्वामित्वाधिकार हर्बिसाइड किफिक्स0 शामिल है, जिसे कठिन खरपतवारों के चयनात्मक और व्यापक नियंत्रण के लिए विकसित किया गया है। इस प्रणाली में कोर्टेवा की उन्नत एवं उच्च उपज क्षमता वाली आनुवंशिक किस्मों को बीएएसएफ के शाकनाशी-सहिष्णु गुण के साथ एकीकृत किया गया है। कंपनी के अनुसार, क्लियरफील्ड गुण के साथ विकसित सरसों की बीज किस्में गैर-ट्रांसजेनिक हैं और पारंपरिक पौध-प्रजनन तकनीकों से तैयार की गई हैं। इन बीजों का विपणन 'पायनियर' ब्रांड के तहत किया जाएगा। कंपनियों का कहना है कि इस प्रणाली के माध्यम से किसानों को सरसों की खेती के लिए उन्नत बीज और खरपतवार नियंत्रण का एकीकृत समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। राजस्थान के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरसों उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और यहां के किसान ओरोबैंके जैसे खरपतवारों से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि नई प्रणाली से किसानों को खरपतवार नियंत्रण में मदद मिलेगी और उत्पादन स्थिर रखने में सहूलियत होगी। बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस इंडिया के निदेशक गिरिधर रणुवा ने बताया कि क्लियरफील्ड प्रोडक्शन सिस्टम भारतीय सरसों किसानों के लिए पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक के माध्यम से किसानों को खरपतवार प्रबंधन में सहायता मिलेगी और तिलहन फसलों की उत्पादकता बनाए रखने में सहयोग होगा। कोर्टेवा एग्रीसाइंस के साउथ एशिया अध्यक्ष सुब्रतो गीद ने कहा कि क्लियरफील्ड सरसों प्रोडक्शन सिस्टम विज्ञान आधारित समाधान पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर कृषि तकनीक उपलब्ध कराना और सरसों उत्पादन की क्षमता को बढ़ाना है। कंपनियों के अनुसार, यह प्रणाली विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी होगी जहां परजीवी खरपतवारों की समस्या अधिक है। इसके माध्यम से फसल सुरक्षा और उत्पादन क्षमता में सुधार की संभावना जताई गई है।

# डिजिटल मोड में होगी जनगणना-2027

## नियमित सहायकों का प्रशिक्षण संपन्न



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जयपुर जिले में नियमित सहायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 16 फरवरी से जिला परिषद सभागार में आयोजित किया गया, जो सोमवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी जनगणना प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में डिजिटल माध्यम से संपादित करने की तैयारी सुनिश्चित करना था।

प्रशिक्षण का आयोजन जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) संजय कुमार माथुर के निर्देशन में किया गया। उप जिला जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग बाबू लाल मीना ने जनगणना-2027 के कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी, जिससे डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और त्वरित होगी।

कार्यशाला के दौरान नियमित सहायकों को सीएमएमएस पोर्टल और स्वगणना ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। आमजन से पूछे जाने वाले प्रश्नों, डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आंकड़े एकत्र करने, डेटा अपलोड करने तथा सत्यापन प्रक्रिया के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 मई से 15 मई 2026 तक स्वगणना का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 16 मई से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की प्रक्रिया संपादित होगी। प्रशिक्षण में जिले की सभी तहसीलों, नगर परिषदों, नगरपालिकाओं तथा नगर निगम जयपुर के आयुक्त कार्यालय और 13 जोन कार्यालयों से जुड़े नियमित सहायक शामिल हुए।

राज्य स्तर से जनगणना कार्य निदेशालय के प्रशिक्षक सचिन कुमार और नेहा कुमारी ने विभिन्न विषयों पर सत्र लिए। अंतिम दिवस प्रतिभागियों को डिजिटल मोड पर प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। इसमें ब्लॉक गठन, पर्यवेक्षक और प्रगणक के आदेश ऑनलाइन जारी करने, कार्यक्षेत्र का ऑनलाइन विभाजन, स्वगणना प्रक्रिया तथा जनगणना कार्य के दौरान रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।



# घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग पर बड़ी कार्रवाई, 102 सिलेंडर जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशों के तहत जयपुर जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के निर्देशन में गठित चार सतर्कता दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 102 सिलेंडर सहित वाहन और उपकरण जब्त किए।

जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने चार जांच दलों का गठन किया। इन दलों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध गतिविधियों का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान कुल 102 घरेलू, व्यवसायिक और अप्रमाणित सिलेंडर, एक पिकअप वाहन, दो मोटरसाइकिल, दो रिफिलिंग मोटर रबर पाइप व नोजल सहित, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, एक रेगुलेटर, पांच भट्टियां, एक मोबाइल फोन और एक फोन-पे स्कैनर जब्त किए गए।

तीन व्यक्तियों तथा सैनिक गैस सर्विस, शाहपुरा की प्रथम दृष्टया संलिप्तता सामने आने पर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है।जांच दल 'ए' ने महल योजना डी ब्लॉक, बैरवा छात्रावास के पीछे कैलाश सरोवर कॉलोनी, जगतपुरा क्षेत्र में कार्रवाई की।

यहां से 14 घरेलू सिलेंडर, दो छोटे अप्रमाणित सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एक रिफिलिंग मोटर, एक रेगुलेटर, गैस रिफिलिंग उपकरण, दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल और एक डिजिटल भुगतान स्कैनर जब्त किया गया।

जांच दल 'बी' ने पत्रकार रोड,

# माली सैनी समाज ने सामुहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व निकाली विशाल कलश यात्रा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के तत्वावधान में क़स्बे में गुरुवार को होने वाले माली सैनी समाज के चतुर्थ सामुहिक विवाह सम्मेलन के प्रथम दौड़ पर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई ।

संस्थान के सचिव हनुमान सिंह सैनी ने बताया की 2100 महिलाए सिर पर कलश धारण कर महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान से गाजे बाजे और शाही लवाजमें के साथ रवाना हुई। अस्पताल रोड ,मामोडीया मोहल्ला, गोदाम बाजार, मुख्य बाज़ार , सब्ज़ी मंडी एवं फागी रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची।

सचिव सैनी ने यह भी बताया कि कलश यात्रा का कई जगह विभिन्न समाजों, व्यापारियों एवं अन्यत संगठनो की ओर से स्वागत किया। माली समाज सब्जी मंडी में अजमेरा परिवार की ओर से विशेष स्वागत कार्यक्रम रखा गया।संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसीलाल सैनी ने बताया कि गुरुवार को दूल्हों की निकासी मुख्य बाजार से निकाली जाएगी। इसके बाद 21 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चारण व रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बँधेंगे । उपाध्यक्ष सुरेश सैनी कोटखावदा ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाहों और अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।



# संजय नगर डी में सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**झोटवाड़ा।** संजय नगर 'डी' क्षेत्र की तीन आंतरिक गलियों और मुख्य मार्ग पर सीसी सड़क निर्माण कार्य का बुधवार को शुभारंभ किया गया। लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण की मांग को देखते हुए यह कार्य प्रारंभ किया गया है।

क्षेत्रवासियों की मांग पर संजय नगर 'डी' विकास समिति ने मामला भाजपा पार्षद प्रत्याशी भवानी सिंह खींची के समक्ष रखा था। खींची ने इसे क्षेत्र की विधायक एवं राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी तक पहुंचाया। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद संबंधित विभाग द्वारा सड़कों के नवीनीकरण की स्वीकृति जारी की गई, जिसके तहत 18 फरवरी 2026 से निर्माण कार्य शुरू हो गया।

कार्यक्रम में भवानी सिंह खींची ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय नगर 'डी' विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजावत ने की। इस अवसर पर बाल विहार कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल लाल शर्मा, संजय नगर 'ए' के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जलमहल पर 20 व 22 फरवरी को सूर्यकिरण एयर शो, ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर में 20 और 22 फरवरी को जल महल के निकट सूर्यकिरण एयर शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश केवल पूर्व पंजीकरण के आधार पर जारी पास से होगा।

एयर शो में भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम हवाई प्रदर्शन करेगी। टीम के पायलट सामूहिक उड़ान, समन्वित एरोबेटिक संरचनाएं और विभिन्न फॉर्मेशन प्रस्तुत करेंगे। आयोजन को देखते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने तैयारियां अंतिम चरण में पूरी कर ली हैं। प्रवेश के लिए पंजीकरण व्यवस्था पूर्णतः डिजिटल रखी गई है। इच्छुक नागरिक राज्य सरकार के एसएसओ पोर्टल के माध्यम से अपनी एसएसओ आईडी से लॉग-इन कर 'एयर शो जल महल रजिस्ट्रेशन' सेवा का चयन कर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित विवरण भरने के बाद प्रतिभागी अपना पास डाउनलोड कर सकेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के लिए पास की मुद्रित प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।

# बाल संरक्षण विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन समेकित बाल विकास सेवाएं (महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार) एवं आसरा फाउंडेशन जयपुर (ए.एफ.जे.) के संयुक्त तत्वावधान में झोटवाड़ा ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु बाल संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आसरा फाउंडेशन जयपुर की सचिव मंगला शर्मा ने संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुपमा टेलर, अतिरिक्त निदेशक (पोषण), महिला एवं बाल विकास विभाग रहीं।

कार्यक्रम में पार्थवी शर्मा, उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, धर्मिष्ठा सिकरवार, मुख्य परियोजना अधिकारी, झोटवाड़ा ब्लॉक एवं अमर सिंह, ए.ए.ओ. महिला एवं बाल विकास विभाग भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर ने



आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अपने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि बच्चों के विरुद्ध अपराधों की पहचान कर उनको रिपोर्ट करना कितना आवश्यक है।

उपनिदेशक पार्थवी शर्मा ने कार्यकर्ताओं से प्रश्न भी पूछे और तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए कहा। बाल संरक्षण जागरूकता के लिए आसरा फाउंडेशन जयपुर द्वारा बनाए गए फ्लैश कार्ड्स का विमोचन भी किया गया।

प्रशिक्षक के रूप में डॉ आराधना परमार डॉ अभिनव भारद्वाज ने पॉक्सो अधिनियम एवं जे.जे. एक्ट के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। डॉ सुमन तंवर, प्रियंका शेखावत ने पीड़ित बच्चों से किस प्रकार बात की जाए तथा उन्हें समझने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया।

आसरा फाऊंडेशन जयपुर के अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री जी ने बताया कि आंगनवाड़ी वर्कर की भूमिकाओं के महत्व को बताया।

विवेक शर्मा ने निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं स्थायी लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वयं भी अपने अधिकारों की रक्षा करें।

कार्यक्रम के सफल संचालन में आसरा से हेमंत, गीतिका एवं राजेश का विशेष योगदान रहा। अंत में मंगला शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# सकरायधाम में सजेगा मां शाकम्भरी का भव्य दरबार

## शाकंभरी में 23-24 फरवरी को उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कैलाश बबेरवाल, अरावली की सुरम्य पर्वतमालाओं में स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ सकरायधाम एक बार फिर भक्ति के रंगों में सराबोर होने के लिए तैयार है। माँ शाकंभरी सेवा समिति सकरायधाम के तत्वावधान में आगामी 23 व 24 फरवरी 2026 को दो दिवसीय 'भव्य फागण महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर समिति के सदस्यों और 'सुपर टीम' में भारी उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव का आगाज सप्तमी और अष्टमी के विशेष आयोजनों के साथ होगा।

» 23 फरवरी (सप्तमी) को भव्य मंगलपाठ एवं उत्सव

» सूरत के प्रसिद्ध वाचक सुरेश जोशी और पूनम चोपड़ा द्वारा माँ का मंगलपाठ किया जाएगा।

» इस दौरान चुनरी उत्सव, मेहंदी उत्सव और 'मैया का खजाना' जैसे विशेष आकर्षण होंगे।

» पूरे मंदिर परिसर को देश-विदेश के रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक लाइटिंग से दुल्हन की तरह सजाया जाएगा।

* 24 फरवरी (अष्टमी) को पैदल ध्वज यात्रा एवं चंग धमाल का आयोजन किया जाएगा। सुबह भक्तों द्वारा शाकंभरी मैया को सिरा-पूरी का भोग लगाकर उदयपुरवाटी से सकरायधाम तक विशाल पैदल ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान अहमदाबाद के विख्यात भजन गायक राजवर्धन सुथार रथ के साथ लाइव भजनों की प्रस्तुति देंगे।

शाम 6 बजे से राजू तिवाड़ी एंड



# विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू समाज का अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन महासम्मेलन 22 को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू समाज के अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन महासम्मेलन के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। महासम्मेलन के प्रचार-प्रसार के तहत बुधवार को आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया।कार्यक्रम संयोजक राकेश बीडावत ने बताया कि इस अवसर पर घुमन्तू कार्य प्रमुख (राजस्थान क्षेत्र) महेन्द्र सिंह, संयोजक (घुमन्तू राजस्थान क्षेत्र) महावीर जी, जन अधिकार समिति संयोजक (राजस्थान क्षेत्र) रामकिशोर योगी, जयपुर प्रान्त संयोजक जसराम गोस्वामी, कार्यक्रम सह-संयोजक एडवोकेट रामअवतार योगी, सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी सेठाराम बंजारा, महानगर संयोजक एडवोकेट राकेश शर्मा, सांगानेर संयोजक महेश शर्मा, रामधन टिटानिया, वेद प्रकाश, अनुराग जांगिड़, भेरुराम बंजारा, देवाराम लुहार, हिरालाल गाड़ियां लुहार, सुन्दर लुहार, महेन्द्र ज्योतिष, श्याम जी नायक, राजेन्द्र योगी एवं रेखाराम सांसी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन से पूर्व पदाधिकारियों ने छोटी काशी के विभिन्न गणेश मंदिरों में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की सफलता की कामना की। फाल्गुन शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार को प्रथम पूज्य विघ्न विनाशक भगवान गणेश का विधिवत पूजन कर महासम्मेलन के सफल आयोजन की प्रार्थना की गई। इसके साथ ही आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध घुमन्तू समाज के अधिकारों, समस्याओं एवं समग्र उत्थान को लेकर आयोजित अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन महासम्मेलन में प्रदेशभर से समाज से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन भाग लेंगे।

कार्यक्रम संयोजक राकेश बीडावत ने बताया कि यह महासम्मेलन जनअधिकार समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य समाज से जुड़े शिक्षा, दस्तावेज, आवास, रोजगार एवं प्रशासनिक समस्याओं पर गंभीर मंथन करना है। अधिकारी-कर्मचारी वर्ग की समस्याओं को संकलित कर भजन लाल शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

ताकि समाज के हित में ठोस नीतिगत निर्णय लिए जा सकें।

# मैट्रिक्स के छात्र साहिल ने पाई शानदार सफलता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर।** सीकर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान मैट्रिक्स के छात्र साहिल ने एनटीए द्वारा घोषित जी मैंस परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान के साथ-साथ अपने जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि साहिल मैट्रिक्स हाई स्कूल का 7 क्लास से नियमित छात्र है और 12वीं के साथ उसने ये सफलता पाई है। साहिल के पिताजी सुरेन्द्र कुमार जी भारतीय सेना में सूबेदार जनरल के पद से सेवानिवृत्त हैं व माताजी बीना देवी गृहणी हैं और मूलतः हिरणा, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर के रहने वाले हैं। साहिल के माता पिता ने बताया कि अपनी तैयारी के दौरान साहिल के चिकन पॉक्स हो गए पर उसने बिना एक दिन भी अध्ययन को रोके इस सफलता को सुनिश्चित किया। साहिल ने बताया कि उसके मेंटर अनिल गोरा सर रहे और उसने नियमित रूप से मैट्रिक्स द्वारा प्रदान की जा रही क्लासेस और मार्गदर्शन को फॉलो किया और इस सफलता को प्राप्त किया। साहिल इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ मैट्रिक्स की फैकल्टी टीम को देते हुए बताता है कि उसका सपना देश की टॉप आईआईटी से इंजीनियरिंग करना है।

संस्थान ने इस अवसर पर

# राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा में सांस्कृतिक रंगों में सजा एनएसएस शिविर का पंचम दिवस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**राजाखेड़ा।** राजकीय महाविद्यालय डोंगरपुर राजाखेड़ा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पंचम दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति एवं स्वदेशी मूल्यों को समर्पित रहा,जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरेंद्र राव, अमित, ज्योति कुशवाह एवं धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय परिवार द्वारा गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। मुख्य अतिथि हरेंद्र राव ने अपने एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को संगठन में उपलब्ध विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शिविर के अंतर्गत चीन यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को ऊर्जा और समर्पण के साथ एनएसएस गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अमित ने पारंपरिक संस्कृति से जुड़े 'कुरंजा' लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्योति कुशवाह ने अपने अद्भुत नृत्य कौशल का प्रदर्शन कर कार्यक्रम में सांस्कृतिक गरिमा का संचार किया।अपने वक्तव्यों में कहा कि सेवा ही हमारा सच्चा धर्म है।धर्मेंद्र सिंह ने राज्य स्तर पर श्रेष्ठ स्वयंसेवक बनने के अपने अथक प्रयासों और अनुभवों को साझा कर युवाओं को निरंतर परिश्रम की प्रेरणा दी।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार ने स्वयंसेवकों के जीवन में संस्कृति और कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांस्कृतिक चेतना से ही एक समृद्ध एवं संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रस्तुति के व्यावहारिक गुर सिखाए तथा एनएसएस के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के मंत्र भी बताए।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा एकल एवं समूह गायन, सांस्कृतिक नृत्य, काव्य पाठ एवं नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी गई। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से एकता, राष्ट्रभक्ति और सद्भावना का संदेश प्रसारित किया।कार्यक्रम का ऊर्जावान संचालन हेशांग पंचाल ने किया।इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मान सिंह मीणा,रामकरण रावत, पियूष जांगिड़, चंद्रशेखर , बादाम सिंह तोमर,कुश राठौर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ,जिसमें सभी ने राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया।

# वृद्ध आश्रम हाउसिंग नारायण हॉस्पिटल के पास स्थानांतरित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिला मुख्यालय पर संचालित वृद्ध आश्रम हाउसिंग कॉलोनी से नवीन भवन में वाटर वर्क्स के सामने नारायण हॉस्पिटल के पास स्थानांतरित किया गया। नवीन भवन में वृद्धजन माताओं के लिए अलग से दो हाल की हुई पर्याप्त सुविधाजनक व्यवस्था।

जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव एवं देवेंद्र सिंह समाज कल्याण अधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

गौरवतलब है कि ग्रामीण सेवा संस्थान धौलपुर द्वारा जिला मुख्यालय पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में वृद्ध आश्रम का संचालन विगत वर्षों से किया जा रहा है पुरानी बिल्डिंग होने के कारण नवीन बिल्डिंग में वृद्ध आश्रम को शिफ्ट किया गया है।

इस अवसर पर माननीय रेखा यादव सचिव जिला विधिकप्राधिकरण धौलपुर एवं देवेंद्र सिंह समाज कल्याण अधिकारी धौलपुर में वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया और आवासीय वृद्धजनों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में सभी वृद्ध जनों से जानकारी प्राप्त की संस्था के मैनेजर ने बताया कि संचालित वृद्धआश्रम में संतानहीन,प्रताड़ित गरीब निराश्रित असहाय है वृद्धजनों को निशुल्क प्रवेश दिया जाता है और उनके लिए मेडिकल सुविधा भोजन आवास इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है किसी भी नागरिक को कोई भी असहाय वृद्धजन की जानकारी हो तो तुरंत वृद्ध श्रम में प्रवेश दिलाए इस अवसर पर सभी स्टाफ मौजूद थे।

# शिक्षित बेरोजगार से सफल उद्यमी बनने का सफर

## अचार–पापड़ व्यवसाय से संवर रहा है परिवार का भविष्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्वरोजगार के प्रति संवेदनशीलता धौलपुर जिले के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले के सैपऊ ब्लॉक स्थित कूंकरा मांकरा गांव के निवासी श्री अंकुर पुत्र श्री मुन्ना की कहानी प्रदेश सरकार के आत्मनिर्भर राजस्थान के संकल्प को धरातल पर चरितार्थ कर रही है।

**संघर्ष से सफलता का मार्ग**

एक शिक्षित युवा होने के नाते अंकुर लंबे समय तक राजकीय एवं निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए प्रयासरत रहे। काफी मेहनत और प्रयासों के बावजूद जब सफलता हाथ नहीं लगी, तो परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी एक बड़ी चुनौती बन गई। ऐसे समय में राज्य सरकार के राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम (अनुजा निगम) ने अंकुर की राह आसान की।

**सरकार से मिला आर्थिक संबल**

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप, जिला प्रशासन और अनुजा निगम द्वारा अंकुर को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्हें अचार-पापड़ व्यवसाय के लिए चयनित किया गया। परियोजना के तहत उन्हें 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, जिसकी राशि उन्हें 13 नवंबर 2024 को प्राप्त हुई।

**प्रतिमाह आय और बढ़ता सम्मान**

आज अंकुर अपने गांव में ही सफलतापूर्वक अचार-पापड़ का व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। इस व्यवसाय से उन्हें प्रतिमाह 3 हजार से 4 हजार रुपये की नियमित आय प्राप्त हो रही है। अंकुर बताते हैं कि सरकार द्वारा समय पर मिली इस आर्थिक सहायता के कारण आज उनका परिवार पूरी तरह संतुष्ट और खुशहाल है।

लाभार्थी अंकुर ने कहा कि राज्य सरकार और अनुजा निगम का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझ जैसे शिक्षित बेरोजगार को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया। आज मैं न केवल खुद कमा रहा हूँ, बल्कि अन्य युवाओं को भी सरकार की इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित कर रहा हूँ।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

परियोजना प्रबंधक, अनुजा निगम धौलपुर ने बताया कि राज्य सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। अंकुर की यह सफलता अन्य बेरोजगार युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो स्वयं का लघु उद्योग स्थापित करना चाहते हैं।

## जिला प्रशासन और राजीविका द्वारा राजसखी धौलपुर मेला 21 फरवरी से

धौलपुर। जिला प्रशासन और राजीविका द्वारा राजसखी धौलपुर मेला का आयोजन 21 से 27 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम बाड़ी फील्ड में किया जाएगा। यह मेला महिलाओं की मेहनत, आत्मनिर्भरता और सपनों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मेले में 50 से ज्यादा क्राफ्ट स्टॉल होंगे, जहां महिलाएं अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। इसके अलावा फूड कोर्ट और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। जो मेले को और भी आकर्षक बनाएगा। राजीविका द्वारा इस मेले के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों को बाजार में लाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राजीविका ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे इस मेले को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं और ज्यादा से ज्यादा आमजन को भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# शादी के बाद नव दंपति ने किया पौधारोपण समाज के लोगों को पौधे लगाने का दिया संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिले के सैपऊ ब्लॉक के गांव परौआ में एक नवविवाहित जोड़े ने शादी को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर अनोखी मिसाल पेश की। विवाह की पारंपरिक रस्मों के साथ-साथ नवदंपति ने पौधारोपण कर समाज को हरित संदेश दिया।

शादी के बाद दूल्हा गोपेश शर्मा और दुल्हन मनस्वी शर्मा ने अपने दादा ताराचंद शर्मा और दादी महादेवी शर्मा के साथ मिलकर 11 बेलपत्र के पौधे तथा 50 फलदार और छायादार पेड़ लगाए। नवदंपति ने बताया कि विवाह के उपलक्ष्य में उन्होंने पहले से ही पौधारोपण का संकल्प लिया था, जिसे परिवार के आशीर्वाद के साथ पूरा किया गया।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की पर्यावरण संरक्षण की मंशा के अनुरूप पौधारोपण आज समय की जरूरत है। पेड़ लगाने से पर्यावरण संतुलित रहता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिलता है। नवदंपति ने यह भी कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और परवरिश करना भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है।

समाज के लोगों से भी अपील करते हुए नवदंपति ने कहा कि हर शुभ अवसर पर पौधारोपण जरूर करना चाहिए, ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे। इस मौके पर दीक्षा शर्मा, जानवी शर्मा, काव्या शर्मा, माधव शर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 'राजस्थान एआई पवेलियन' में प्रदेश ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित गवर्नेंस मॉडल किया प्रस्तुत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इम्पैक्ट समिट 2026 में 'राजस्थान एआई पवेलियन' आकर्षण का केन्द्र बना है। राजस्थान पवेलियन में राज्य की डेटा-संचालित प्रशासनिक संरचना एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित गवर्नेंस मॉडल को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बुधवार को 'राजस्थान पवेलियन' का दौरा किया और विभिन्न बैठकें कर हितधारकों के साथ विचार–विमर्श किया। साथ ही उन्होंने पवेलियन में स्टार्टअप संचालकों और युवाओं से वार्ता कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार देश का एआई हब बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



# एसपी राजेश कुमार मीणा ने उनियारा, नगरफोर्ट थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने उनियारा क्षेत्र के उनियारा एवं नगरफोर्ट पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने उनियारा थाने का माला खाना, बंदी गृह, मैस का औचक निरीक्षण करते हुए उन्होंने थाना के रिकार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए थाने में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर नियमित रूप से गश्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनियारा पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक को गार्ड आफ आनर दिया गया। साथ ही उन्होंने पुलिस कार्मिकों की समस्याओं को भी जाना।

जिला पुलिस अधीक्षक ने सीएलजी सदस्यों की ली बैठक - उनियारा पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों की आयोजित बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा को उपस्थित सदस्यों ने नशा, स्मैकचियों पर पाबंदी लगाने, टिप्परों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने, उनियारा बस स्टैंड एवं सवाई माधोपुर रोड से कामधेनु सर्किल तक सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने, चारभुजा नाथ मंदिर की चोरी का खुलासा करने, नाबालिको द्वारा रात्रि में तेज गति से गलियों में दुपहिया वाहन चलाने, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने, गस्त बढ़ाने, मनचलों पर पाबंदी लगाने, यातायात पुलिस कर्मी लगाने तथा मंदिर चोरी खुलासा सहित अन्य मामले से अवगत करवाया गया।जिस पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने संबंधित पुलिस जिम्मेदारों को नियमानुसार कार्यवाही के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनियारा पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा कुमारी चौधरी, थानाधिकारी कप्तान सिंह, एएसआई रतन लाल मीणा सहित स्टाफ तथा सीएलजी सदस्य शंकर लाल ठाड़ा, राकेश बढ़ाया, राजेश जोशी, अभय सिंह शक्तावत, संदीप गुप्ता, कैलाश चौधरी, सुरेश कुमावत, घासी जैन, गुड्डू भाई, चेतन भट्ट, चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पीसीपी में जेईई टॉपर्स का हुआ सम्मान

सीकर स्थित आईआईटी जेईई एवं नीट कोचिंग संस्थान पीसीपी, प्रिंस में जेईई-मेन 2026 में टॉपर्स रही प्रतिभाओं हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 99.9768 परसेंटाइल के साथ सीकर कोचिंग में टॉपर रहे नवदीप मान, 99.9677 परसेंटाइल अंक प्राप्त विवेक गुप्ता, 99.9519 परसेंटाइल प्राप्त विकास ढकरवाल, 99.9478 परसेंटाइल प्राप्त निखिल, 99.9451 परसेंटाइल प्राप्त बृजकिशोर मीणा एवं 99.9423 परसेंटाइल प्राप्त राहुल कुमावत को अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान पीसीपी से 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल करने वाले 75 विद्यार्थियों एवं 97 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कई सैंकड़ों विद्यार्थियों को लैपटॉप बैग, अम्ब्रेला, दीवार घड़ी, डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पीसीपी, निदेशक डा. पीयूष सुण्डा ने कहा कि जेईई मेन में पीसीपी ने ऐतिहासिक परिणाम देकर कोचिंग नगरी सीकर को फिर से गौरवान्वित किया है। सीकर कोचिंग में टॉपर देने के साथ ही टॉप-11 विद्यार्थियों में से 6 विद्यार्थी देकर पीसीपी ने आईआईटी जेईई कोचिंग में अपना प्रभुत्व स्थापित किया है। समारोह में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, जेईई हेड नीरज अग्रवाल, पुनीत शर्मा, अर्चित जाखड़, प्रबंध निदेशक रमाकांत स्वामी, ओंकार मूंड, राघवेंद्र सिंह राजावत एवं फैकल्टी मेंबर्स सहित बड़ी संख्या में चयनित विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन का सशक्त कदम, प्रोजेक्ट अमृत' का चौथा चरण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोककल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ रविवार 22 फरवरी 2026 प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है।

संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुँचाएगा।

इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया था। यह पुनीत पहल जल संरक्षण को किसी एक दिवस या अभिधान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-माय के रूप में अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है. जहाँ स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण समय हो सकें।

नदियों झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों संवर्धन हेतु समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा, समर्पण और सहभागिता स्त्रोतों के संरक्षण और की अद्?भुत मिसाल प्रस्तुत की है। इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की चुद्गढ़ चेतना का विस्तार कर सके।

यह पहल यह स्मरण कराती है कि जब मन निर्मल होता है, तभी प्रकृति भी स्वच्छ होती है, और जब सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, तब समाज का नव निर्माण होता है।

सतगुरु माता का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। स्वच्छ जल, स्वचा मन अभियान उसी पावन संकल्प का राजीव प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण मविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है।

इसी प्रोजेक्ट अमृत के तहत बरैठा स्थित पार्वती नदी पर 22 फ़रवरी दिन रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 11 बजे तक सफ़ाई अभियान होगा7 इस सफ़ाई अभियान में निरंकारी मिशन की धौलपुर,मनियाँ राजा खेड़ा, बाड़ी, बसेड़ी, सैपऊ, टहरी, मरैना, छीतापुरा, करीमपुर ब्रांच शामिल होंगी ।

यह जानकारी हरीकांत सिंह मुखी ब्रांच मनिया ने दी है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या : ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी.-12-2025-26 दिनांक 16.02.2026

ई-निविदा सूचना

वरि0 मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| टेन्डर नं0 : AGC-ELG-T-12-2025-26 | पूर्ण करने की अवधि : 09 माह |
|---|---|

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि : आगरा डिवीजन में विद्‌युत आपूर्ति प्रणालियों के लिए कैपेसिटर बैंक की व्यवस्था करके पावर फैक्टर में सुधार करना ।

कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 12608889.54/- (including GST)

- जानकारी एवं टेन्डर में भाग हेतु Indian Railways website www.ireps.gov.in देखें ।
- टेन्डरर्स केवल बेव पोरटल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दि0 12.03.2026 तक टेन्डर डाल सकते है।

355/26 (AS)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

टेन्डर नोटिस नं. 04/2026 ई-निविदा सूचना दिनांक: 16.02.2026

वरि.मं.सिग.एवं.दूर.सं.इंजी.,उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती है:-

| ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-13 | कार्य की लागत: ₹ 3,20,83,908.48 |
|---|---|

कार्य का नाम: आगरा मंडल के फ्राउशर मेक मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर्स AGC-BHA, BHA-JJ, JJ-MIA, MIA-DHO (AGC-DHO सेक्शन) के लिए तीन साल की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव का अनुबंध।

निविदा बन्द दिनांक: 12.03.2026

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15.00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओ पर विचार नहीं किया जायेगा।

356/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**OFFICE OF THE BLOCK CHIEF MEDICAL OFFICE NAWALGARH (JHUNJHUNU)**

क्रमांक/F/NHM/2026/497 Dated 16-02-2026

No.495

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Services in this Block for Financial Year 2026-27 are invited from interested bidders. Other particulars of the bid may be visited on procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/ & https://eproc.rajasthan.gov.in/) of the state NIB No.MHS2526A4732, MHS2526A4733 UBN No. MHS2526SLRC06638, MHS2526SLRC06639 E-Tender ID 2026 MEDIC 539562 1,2026 MEDIC 539542_1

Block Chief Medical offcer
Nawalgarh

**OFFICE OF THE BLOCK CHIEF MEDICAL OFFICE NAWALGARH (JHUNJHUNU)**

क्रमांक/F/NHM/2026/499 Dated 16-02-2026

No.496

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various Goods & Services in this Block for Financial Year 2025-26 & 2026-27 are invited from interested bidders. Other particulars of the bid may be visited on procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state NIB No.MHS2526A4731,MHS2526A4730 UBN No. MHS2526SSOB06640,MHS2526GSC06642,MHS2526SSRC06641,MHS2526GSRC06634,MHS2526GSRC06635,MHS2526GSRC06636,MHS2526GSRC06637

Block Chief Medical offcer
Nawalgarh

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर ... [illegible]
सूचना संख्या: DEV/JAIPUR-II/TRUST/2025/187
... VIRENDRA DHAKA, ... SIKAR 332318 RAJASTHAN ... NAWALGARH ROAD SIKAR 332001 RAJASTHAN ... [illegible]
आपत्ति प्राप्ति की तिथि 23.04.2026
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर द्वितीय

**कार्यालय ग्राम पंचायत डाहर, प.स, चाकसू**

क्रमांक एफ ()/ग्राप ई-निविदा/2025-26/ 117 दिनांक-10/2/26

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26
NIB No. PFD2526A0047
UBN No. PFD2526WSOB00073 से 75

पंचायत समिति चाकसू के अधिनस्थ ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यो को सम्पादित करने हेतु पंचायतराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पादर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पादर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संविदकों से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी पंचायत समिति / संबंधित ग्राम पंचायत में कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https/eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाएं ऑनलाईन प्राप्त करने एवं अपलोड करने की दिनांक 17-02-2026 से 26-02-2016 को सायं 5.00 बजे तक रहेगी।

सरपंच
ग्राम पंचायत डाहर
पंचायत समिति चाकसू

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डाहर
पंचायत समिति चाकसू

**जवाहर मेमोरियल पब्लिक सी.सै. स्कूल, उदयपुरवाटी (झुं.) (हिन्दी व अंग्रेजी मा.)**

क्रमांक-985/2026
दिनांक- 17-02-2026

'सूचनार्थ'

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधान की अनुपालना में दुर्बल वर्ग एवं असुविधाग्रस्त समूह, युद्ध, विधवा, अनाथ, कोरोना 2019 से माता या पिता की मृत्यु सहित अन्य विद्यार्थियों हेतु प्रवेश देने के लिए शैक्षिक सत्र में 2026-27 में एंट्री कक्षा PP3+, PP4+, PP5+ एवं प्रथम कक्षा की 25% सीटों का राज्य सरकार ने विस्तृत दिशा निर्देश दिनांक 13/02/2026 को जारी कर दिया है। उपरोक्त समूह के बालक / बालिकाओं की नर्सरी व प्रथम कक्षा में प्रवेश हेतु अभिभावकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करना व दस्तावेज अपलोड 20 फरवरी 2026 से 4 मार्च 2026 तक करना है। ऑन लाईन लॉटरी द्वारा प्रवेश हेतु बालकों का वरियता क्रम 6 मार्च 2026 को राज्य स्तर पर एन. आई.सी. द्वारा किया जायेगा। ऑनलाइन लॉटरी द्वारा वरियता क्रम में आने पर अभिभावकों को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करना व विद्यालय में सम्पर्क 13 मार्च 2026 से कर अपने दस्तावेज जमा करा सकते है।

विद्यालय निदेशक
जवाहर मेमोरियल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुरवाटी (झुन्झुनूं)
9413892871

# संपादकीय

## अपने मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने का सबसे अच्छा तरीका

**डॉ. विजय गर्ग**

ऐसे युग में जहां सूचनाएं अंतहीन रूप से प्रवाहित होती हैं और ध्यान भटकाने वाली चीजें केवल एक क्लिक की दूरी पर होती हैं, एक तेज और चुस्त दिमाग बनाए रखना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। शरीर की मांसपेशियों की तरह, मस्तिष्क को भी सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए नियमित व्यायाम, उचित पोषण और स्वस्थ आदतों की आवश्यकता होती है। मस्तिष्क को प्रशिक्षित करना केवल तथ्यों को याद करने के बारे में नहीं है; इसमें ध्यान, रचनात्मकता, भावनात्मक संतुलन और समस्या-समाधान क्षमताओं को मजबूत करना शामिल है। नए कौशल सीखने से तंत्रिका संबंध उत्तेजित होते हैं और मस्तिष्क लचीला रहता है। किताबें पढ़ना, नई भाषा सीखना, विज्ञान का अध्ययन करना या इतिहास की खोज करना स्मृति और समझ को मजबूत करता है। पहेलियाँ सुलझाना, शतरंज खेलना या रणनीति खेलों में भाग लेना जैसी गतिविधियां तर्क कौशल और संज्ञानात्मक चपलता को बढ़ाती हैं। माइंडफुलनेस अभ्यास से ध्यान, भावनात्मक स्थिरता और विचार की स्पष्टता में सुधार होता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के अध्ययनों सहित शोध से पता चलता है कि ध्यान ध्यान अवधि में सुधार कर सकता है और तनाव को कम कर सकता है। प्रतिदिन 10 मिनट भी शांत चिंतन या गहरी सांस लेने से मन शांत हो सकता है और एकाग्रता बढ़ सकती है। शारीरिक गतिविधि मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बढ़ाती है और नई मस्तिष्क कोशिकाओं के विकास में सहायता करती है। पैदल चलना, योग, साइकिल चलाना या स्ट्रेचिंग व्यायाम मूड और संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाते हैं। नियमित गतिविधि से तनाव हार्मोन भी कम हो जाता है, जो स्मृति और सीखने पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। संतुलित आहार मस्तिष्क स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड (जैसे अखरोट और अलसी), एंटीऑक्सीडेंट (फल और सब्जियां) और साबुत अनाज से भरपूर खाद्य पदार्थ स्मृति और एकाग्रता को बढ़ावा देते हैं। हाइड्रेटेड रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि निर्जलीकरण से ध्यान केंद्रित करने और मानसिक स्पष्टता में कमी आ सकती है। गुणवत्ता वाली नींद स्मृति समेकन और मानसिक सुधार के लिए आवश्यक है। नींद के दौरान, मस्तिष्क सूचना को संसाधित करता है और सीखने के मार्गों को मजबूत बनाता है। वयस्कों और छात्रों दोनों को एक समान नींद की दिनचर्या बनाए रखने से लाभ मिलता है। लगातार सूचनाएं और अत्यधिक स्क्रीन समय ध्यान को बाधित करता है और उत्पादकता को कम करता है। डिवाइस के उपयोग के लिए निर्धारित समय निर्धारित करने और नियमित ब्रेक लेने से मानसिक ध्यान बहाल करने में मदद मिलती है और संज्ञानात्मक दक्षता में सुधार होता है। बातचीत, टीमवर्क और सार्थक रिश्ते सोचने और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को प्रोत्साहित करते हैं। सामाजिक जुड़ाव मस्तिष्क को भावनाओं की व्याख्या करने, उचित प्रतिक्रिया देने और सहानुभूति बनाने के लिए चुनौती देता है। चित्रकारी, लेखन, संगीत या शिल्पकला जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ कल्पना और नवाचार को प्रोत्साहित करती हैं। रचनात्मकता मस्तिष्क को नए संबंध बनाने और समस्याओं को नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**निष्कर्ष**

मस्तिष्क को प्रशिक्षित करना एक आजीवन यात्रा है जो सीखने, जागरूकता, शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और रचनात्मक अन्वेषण को जोड़ती है। सरल दैनिक आदतों को अपनाने से - पढ़ना, व्यायाम करना, ध्यान करना, अच्छा खाना और सामाजिक रूप से जुड़े रहना - हम मानसिक स्पष्टता, लचीलापन और उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित मस्तिष्क न केवल शैक्षणिक या व्यावसायिक सफलता में सुधार करता है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी समृद्ध बनाता है, जिससे हम स्पष्ट रूप से सोच सकते हैं, आत्मविश्वास के साथ अनुकूलन कर सकते हैं, और सार्थक ढंग से रह सकते हैं।

डॉ. विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एजुकेशनल कॉलमिस्ट एमिनेंट एजुकेशनिस्ट स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलौट पंजाब

# हम साथ हैं, फिर भी अजनबी, तेजी से भाग रहे समय में सूखती स्मृतियां और संवेदना का संवाद

> हर युग का आदमी अपने मनोभावों को दूसरे तक पहुंचाने के लिए विकल रहा। जब वैज्ञानिक उपकरण नहीं थे, तब संप्रेषण के लिए प्रकृति के माध्यमों से काम चलाया। कभी कबूतर, कभी बादल संदेशवाहक बने, लेकिन किसी भी समय में कोई पवन, कबूतर बादल इतने समझदार नहीं रहे कि वे आदमी की भाषा, भावों को यथावत प्रेषित कर सके।



दुनिया के हर व्यक्ति के जीवन में स्मृति रहती है, चाहे बुरी हो या भली। उदासी के लिबास में लिपटे रहते हैं कभी कुछ सुख के क्षण, जिनमें मोह और ममता के अवशेष होते हैं। यह भी कि स्मृति को सामूहिकता से जोड़ दिया जाए, तो स्मृति जन-स्मृति बन जाती है। रेलगाड़ी में बैठकर सुख के स्टेशन पर उतरने जैसी स्मृतियां भी जीवन में होती हैं, तो कभी खत्म न होने वाली यात्रा बन जाती है स्मृति। यह व्यक्तिपरकता से सामूहिक-चेतना की ओर बढ़ने का साधन भी है, क्योंकि स्मृति संवादप्रिय होती है।

हर युग का आदमी अपने मनोभावों को दूसरे तक पहुंचाने के लिए विकल रहा। जब वैज्ञानिक उपकरण नहीं थे, तब संप्रेषण के लिए प्रकृति के माध्यमों से काम चलाया। कभी कबूतर, कभी बादल संदेशवाहक बने, लेकिन किसी भी समय में कोई पवन, कबूतर बादल इतने समझदार नहीं रहे कि वे आदमी की भाषा, भावों को यथावत प्रेषित कर सके। इधर विज्ञान ने संवाद के लिए उपकरण खोजे हैं, जो प्रकृति की धड़कनों पर सवार होकर भावों और विचारों को सहजता से संप्रेषित करने लगे, तब से संप्रेषणीयता तो सहज हो गई, मगर विचारों में परिपक्वता प्रायः समाप्त हो गई। प्रतीक्षा इंसान के भीतर व्याकुलता पैदा करती है, लेकिन उसे भीतर से धीरज रखने का गुण भी सिखाती है।

**दिनचर्या के निष्कर्ष ही भविष्य की नींव रखते हैं**

हमारे जीवन की नियमितता की निरर्थकता भी एक सामाजिक आत्महत्या ही है। इसलिए दिनचर्या के निष्कर्ष ही भविष्य की नींव रखते हैं। दिनचर्या की स्मृति जीवन की उत्तर-मीमांसा है। इसमें जोड़-तोड़ की घनीभूत बातें होती हैं, तो सुख-दुख के हर्ष-शोकग्रस्त क्षण भी। आंसू की हिचकी ऊपर आए, तो शायद हम स्मरण कर सकें बहुत कुछ ऐसा जो अपने भीतर या अपने आसपास, अपने ही बीच से गुजरा हो। किसी की होड़ या दौड़ में जीवन खपाने वाले हम स्मृतियों का प्रतिबिंब देखना चाहते हैं, लेकिन उनसे संवाद करने का धैर्य नहीं जुटा पाते। विमर्शों को सीढ़ी बनाकर हम एक नया विमर्श खड़ा कर देते हैं, जिसमें मूल स्मृति कहीं विलोपित हो जाती है। अंत में हम उसी नए को स्मृति मानकर बहुत आगे निकल जाते हैं।

दरअसल, हम जीवन के एकांत और मन के अंतरतम के यथार्थ से वंचित रह गए हैं। शायद इसलिए हमें पता नहीं कि पहाड़ों को लीपा नहीं, लांघा जाता है। पहाड़ों पर भटकाव के मोड़ों पर किसी फूल की सुगंध से कई बार रास्ते पार होते हैं। अंधेरा हो या रोशनी, अंकुर का बढ़ना नहीं रुकता। लता अपना गंतव्य खोज ही लेती है। किसी फूल का इशारा उसकी सुगंध ही देती है। तितलियों की आवाजाही उसे उत्सव में बदल देती है, जब कोई कवि, सर्जक रच देता है उस दृश्य में बसे शब्द को और बच्चे गुनगुनाते हैं उसे प्रार्थनाओं में, तो कभी लोरी समझकर। जिस विचार को लेकर हम स्वयं को बुद्धिजीवी समझते हैं, उस विचार की भूमिका केवल व्याख्याकार की नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व वहन करने वाली नैतिक चेतना की भी है। हमारी आंखों के सामने काफी बड़ा हिस्सा प्रतिदिन, अनवरत रेलों और बसों में यात्रा करता है। ऐसे में कितने गहरे और सूक्ष्म अनुभव जीवन में जुड़ते हैं। हम उनमें उतना ही याद रख पाते हैं, जितने से हमारा समय बाधित होता है। शेष को नजरअंदाज करना हमारे परस्पर मनुष्य होने पर संदेह पैदा करती है। हम एक-दूसरे के सामने होकर भी एक-दूसरे के सुख-दुख से कितने अपरिचित हैं! कभी-कभी लगता है आंसुओं का होना कितनी बड़ी आश्वस्ति है। आंसू ऐसी आर्द्रता हैं, जो धरती और हवा में भी नमी बचाए हुए हैं। शायद यही संवेदनशील या कारुणिक होने की अंतिम निशानी है। आंसू कई तरह से आंखों में भरते हैं और वे कैसे पोंछे जाते हैं, इस बात में इंसानियत के रहस्य छिपे हुए हैं। हमने नहीं जाना। इस तेज भागती दुनिया में कौन शर्मीले गड़रियों की तरह धीरे चलने का गुण रखता है? दुनियाभर की आत्मनिर्भर और अपने भरोसे खड़ी हुई महिलाओं का स्त्री विमर्श और गीली हवाओं-सी घुल मिल जाने वाली घर की मां-बहनों, भाभियों, चाचियों, बुआओं, बहुओं का स्त्री विमर्श कभी एक नहीं होता। भला ऐसा क्यों? महानगरों में बन रही गगनचुंबी इमारतों के निकट मजदूर महिलाएं। उस स्त्री के जीवन में सुख है भी या नहीं, वह नहीं जानती, लेकिन वे सदा हारी हुई परिस्थिति में ही काम करती हैं। हम सबकी समस्याएं कितनी भिन्न हो गईं? ध्वनि में यह अद्भुत गुण है कि एक क्षण में ही वह हमें किसी दूसरे समय-संदर्भ में पहुंचा सकती है, लेकिन उन तक पहुंचने का मार्ग हमने ही दुर्गम बना दिया है। कुछ हमारे ही निर्मित कानफोड़ू शोर, तो कुछ हमारी अतिव्यस्ततओं में हमें हमारे ही भीतर की ध्वनि सुनाई नहीं देती, आगे की दुनिया दिखाई नहीं देती। हम केवल उस दुनिया को जीते हैं, जो समय पूरा करते हुए आगे बढ़ती है। प्रगतिशीलता के नए दौर में निजता के अभिजात में लफ्फाजी से छुटकारा पाना सहज नहीं। शायद इसलिए इन दिनों संवेदनशील युवकों के चित्त में भी एक विचित्र प्रकार का अजनबीपन, संत्रास, असहाय वृत्ति और निराशा का वातावरण बना हुआ है।स्मृति भले ही हमारे भीतर सूख जाए, लेकिन पानी की कुछ मिकदार (मात्रा) आंखों में बची रहे। यही क्रूर समय में मानवीय सभ्यता का सबसे मार्मिक दृश्य है, जो सब कुछ भूल जाने के बाद भी यह बचाए रखता है कि वह मनुष्य हो। ठीक उसी तरह जैसे फूल, तितली और शब्द। एक कविता की पंक्तियां हैं- 'तुम्हारे भीतर पानी सूख रहा है/ तुम्हारे भीतर हवा खत्म हो रही है/ और तुम्हारे समय पर कोई और कब्जा कर रहा है।'मौन निशब्द है, लेकिन यह भाषा है, भाव, शब्द, अर्थ, साधना, भक्ति, शक्ति, सामर्थ्य, ज्ञान, सुंदर और मुखर भी है। यह अमूल्य आभूषण भी है। मौन को जितनी भी उपाधि दी जाए, कम ही है। यह कमजोरी नहीं है, बल्कि यह शक्तिशाली है। कभी-कभी हम बोलकर शब्दों के जरिए जितना सटीक अपने आप को अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं, उससे ज्यादा चुप रहकर बोल लेते हैं।

# विवाह के पंडाल में किताबों की प्रदर्शनी: एक नई और सराहनीय पहल

**डॉ विजय गर्ग**

भारतीय विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि संस्कृतियों, परिवारों और मूल्यों का उत्सव होता है। बदलते समय के साथ विवाह समारोहों में नई-नई परंपराएँ जुड़ रही हैं। इसी क्रम में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल उभरकर सामने आई है–विवाह के पंडाल में किताबों की प्रदर्शनी। यह नई रिवाज़ न केवल समारोह को अलग पहचान देती है, बल्कि समाज में ज्ञान और पढ़ने की संस्कृति को भी बढ़ावा देती है।

**परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम**

पहले विवाह समारोहों में सजावट, संगीत और भोजन मुख्य आकर्षण होते थे। आज शिक्षित और जागरूक परिवार विवाह को एक सामाजिक संदेश देने का अवसर मान रहे हैं। पुस्तक प्रदर्शनी इस सोच का प्रतीक है–जहाँ उत्सव के साथ ज्ञान का प्रसार भी होता है।

**मेहमानों के लिए अनोखा अनुभव**

विवाह में आए मेहमान अक्सर खाली समय में बातचीत या मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। यदि पंडाल में किताबों का एक आकर्षक कोना सजाया जाए तो अतिथि साहित्य, प्रेरक पुस्तकों, बच्चों की कहानियों, आध्यात्मिक ग्रंथों या प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों को देख सकते हैं। इससे समारोह में सार्थक सहभागिता बढ़ती है।

**उपहार देने की संस्कृति में सकारात्मक बदलाव**

कई परिवार नकद या सजावटी वस्तुओं की बजाय मेहमानों को पुस्तकें भेंट करने लगे हैं। यह परंपरा 'ज्ञान का उपहार' देने की प्रेरणा देती है। एक अच्छी पुस्तक जीवन भर साथ रहती है और पाठक के विचारों को समृद्ध करती है।

**बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा**

विवाह समारोह में पुस्तक प्रदर्शनी बच्चों और युवाओं को पढ़ने की ओर आकर्षित करती है। रंगीन चित्र पुस्तकों से लेकर विज्ञान, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास की किताबें उन्हें नई दिशा दे सकती हैं।

**सामाजिक संदेश: ज्ञान ही सच्ची संपत्ति**

ऐसी पहल समाज को यह संदेश देती है कि वैभव और दिखावे से अधिक महत्वपूर्ण है ज्ञान और संस्कार। यह रिवाज़ पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देकर समाज को जागरूक और शिक्षित बनाने में योगदान दे सकती है।

**कैसे करें आयोजन?**

एक अलग पुस्तक कोना या स्टॉल तैयार करें विभिन्न आयु वर्ग के लिए किताबें रखें, स्थानीय लेखकों की पुस्तकों को शामिल करें, मेहमानों के लिए 'एक किताब साथ ले जाएँ' व्यवस्था करें

अपनी पसंद और विचारधारा को प्रदर्शित करने का एक मंच भी बन गई हैं। जहाँ पहले शादियों में केवल भव्य सजावट, डीजे और पकवानों की चर्चा होती थी, वहीं अब 'किताबों की प्रदर्शनी' जैसा एक अनूठा रिवाज अपनी जगह बना रहा है। यह बदलाव समाज की बदलती सोच और बौद्धिक विकास का परिचायक है।

**इस रिवाज की शुरुआत क्यों?**

आज की युवा पीढ़ी 'दिखावे' से ऊपर उठकर कुछ 'सार्थक' करने की ओर अग्रसर है। विवाह में किताबों की प्रदर्शनी लगाने के पीछे मुख्य कारण निम्नलिखित हैं:

बौद्धिक उपहार: लोग अब प्लास्टिक या शो-पीस के बजाय ज्ञान बाँटने में विश्वास रख रहे हैं।

सार्थक स्वागत: मेहमानों के लिए खाने-पीने के साथ-साथ फुर्सत के पलों में अच्छी किताबें पढ़ना एक नया और सुखद अनुभव होता है।

प्रेरणा का स्रोत: नई पीढ़ी और बच्चों को डिजिटल दुनिया से हटाकर कागजों की महक और पढ़ने की संस्कृति से जोड़ना।

**कैसे बदल रही है यह परंपरा?**

इस नए रिवाज को अलग-अलग तरीकों से अपनाया जा रहा है:

**दिखावे से ऊपर 'बौद्धिक विकास'**

शादियाँ अक्सर केवल दिखावे का जरिया बन जाती हैं। पंडाल में किताबों की मौजूदगी यह संकेत देती है कि परिवार संस्कार और ज्ञान को भौतिक संपदा से ऊपर रखता है। यह मेहमानों को एक नई चर्चा का विषय देता है–खाने के स्वाद के अलावा किताबों के विषय पर भी बात हो सकती है।

**'रिटर्न गिफ्ट' के रूप में किताबें**

अक्सर शादियों में हम मिठाई के डिब्बे या प्लास्टिक के सामान उपहार में देते हैं। इसकी जगह यदि प्रदर्शनी से मेहमान अपनी पसंद की किताब चुनकर घर ले जा सकें, तो यह उनके जीवन पर स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। एक अच्छी किताब किसी के विचार बदल सकती है।

**बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा**

शादी में आए बच्चे और युवा अक्सर शोर-शराबे से ऊब जाते हैं। एक कोना जहाँ रंग-बिरंगी किताबें, कॉमिक्स या प्रेरणादायक कहानियाँ हों, उन्हें मोबाइल स्क्रीन से दूर कर पढ़ने की आदत की ओर मोड़ सकता है।

**सांस्कृतिक विरासत का संगम**

विवाह दो परिवारों और संस्कृतियों का मिलन है। प्रदर्शनी में अगर:

साहित्य और इतिहास की किताबें हों।

स्थानीय लेखकों की रचनाएँ हों।

पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों पर आधारित पुस्तकें हों।

...तो यह उत्सव की गरिमा को कई गुना बढ़ा देता है।

**पढ़ने के महत्व पर संदेश बोर्ड लगाएँ**

**निष्कर्ष**

विवाह के पंडाल में किताबों की प्रदशानी एक छोटी पहल होते हुए भी बड़े सामाजिक बदलाव का संकेत है। यह परंपरा उत्सव को ज्ञान से जोड़ती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है। यदि यह नई रिवाज़ व्यापक रूप से अपनाई जाए, तो विवाह समारोह केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि ज्ञान-वितरण का उत्सव भी बन सकते हैं।

विवाह में रोशनी के साथ यदि ज्ञान की ज्योति भी जले, तो समाज का भविष्य और उज्ज्वल हो सकता है।

**डॉ विजय गर्ग** सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

# तंक का जवाब दिया, मगर वादा भूल गए

> इस हमले में महाराष्ट्र के पुणे जिले के निवासी संतोष जगदाले की भी गोली लगने से मौत हो गई थी। तब राज्य सरकार ने संतोष की बेटी असावरी जगदाले को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है। इसे सरकार की अनदेखी या लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि इस पीड़ित परिवार को अब गंभीर आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

पिछले वर्ष अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस वारदात को देश की संप्रभुता पर हमले से जोड़कर देखा गया और बाद में जवाबी कार्रवाई के रूप में 'आपरेशन सिंदूर' चलाया गया, जिसके तहत सीमा पार पाकिस्तान की धरती पर कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। भारत का यह जवाब काबिल-ए-तारीफ है, लेकिन सवाल है कि सरकार की ओर से इसी तरह की इच्छाशक्ति पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों की सुध लेने में नजर क्यों नहीं आ रही है?

इस हमले में महाराष्ट्र के पुणे जिले के निवासी संतोष जगदाले की भी गोली लगने से मौत हो गई थी। तब राज्य सरकार ने संतोष की बेटी असावरी जगदाले को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है। इसे सरकार की अनदेखी या लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि इस पीड़ित परिवार को अब गंभीर आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

यह बात छिपी नहीं है कि देश में सरकारी तंत्र की गाड़ी बिना धक्के के आसानी से आगे नहीं बढ़ पाती है। अक्सर देखने में आता है कि शासन के स्तर पर जब कोई सामान्य निर्देश दिया जाता है, तो वह कई दिनों तक सरकारी दफ्तरों के कागजों में उलझा रहता है। पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले संतोष जगदाले की बेटी असावरी के मामले में भी स्थिति इससे अलग नहीं है।

**सरकार ने नौकरी का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ**

सरकार की ओर से संवेदना स्वरूप उन्हें नौकरी देने का एलान तो कर दिया गया, लेकिन उस पर आगे की कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई। असावरी का कहना है कि उन्होंने कई स्तर पर इस मसले को उठाया, लेकिन कहीं कोई सक्रियता नहीं दिखाई गई। थक-हारकर जब उन्होंने मीडिया के साथ अपनी परेशानी साझा की, तो सरकारी तंत्र भी तत्काल हरकत में आ गया।

राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय की ओर से कहा गया कि असावरी को सरकारी महकमे में नियुक्ति देने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इससे शासन-प्रशासन की असंवेदनशीलता और उदासीनता साफ जाहिर होती है, जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है।

पहलगाम में टूरिस्ट पर हुए हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इस घटना से पुणे के संतोष जगदाले के परिवार पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। इस हमले में संतोष जगदाले की मौत हो गई थी। जिसके बाद उनके परिवार के सदस्य को नौकरी देने का वादा किया गया था। हालांकि, वह वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

# खाने की कीमत पूरी लेकिन थाली में भरोसे की कमी

> अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं।

भारतीय रेलवे के बारे में अक्सर यह दावा किया जाता है कि इसके समग्र संचालन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के समकक्ष बनाया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हादसों, सफर के दौरान निर्धारित समय पर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने से लेकर ट्रेन के भीतर साफ-सफाई और खानपान के मामले में कई बार स्थिति बेहद दयनीय और खराब दिखती है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं।

खाने में तिलचट्टा, दूसरे कीड़ों या अखाद्य वस्तुओं के मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। साथ ही, भोजन की मात्रा और तय कीमतों से ज्यादा राशि वसूलने की समस्या भी आम देखी जा सकती है। सवाल है कि अगर उच्च गुणवत्ता और सेवा का दावा करके खाने-पीने के मामले में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो उसे कैसे देखा जाएगा।

सफर के दौरान यात्री थोड़ी सुविधा के लिए ट्रेन में मिलने वाला खाना पैसा चुका कर लेना चाहते हैं। कई ट्रेनों में सफर के दौरान टिकट के साथ खाने-पीने के सामान के लिए राशि चुकाने का भी विकल्प है। मगर विडंबना यह है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कई लोगों की थाली में ऐसा खाना होता है, जिसे खाया नहीं जा सकता।

ट्रेनों में मिलने वाले खराब खाने को लेकर आए दिन शिकायतें आती रहती हैं और कई बार विवाद भी होते हैं। ऐसी खबरें भी सामने आई, जिनमें भोजन के खराब होने पर आपत्ति जताने पर ट्रेन में मौजूद कर्मियों ने यात्री से दुर्व्यवहार किया।

खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। ऐसे भी मामले होंगे, जिनमें किसी यात्री को खराब भोजन मिला, लेकिन उसने औपचारिक शिकायत नहीं की।

हालांकि रेल महकमे में कहने को एक ढांचा है, जिसके तहत गुणवत्ता में सुधार के लिए डिजाइन किए गए रसोई से खाना बनवाने और ट्रेनों तक पहुंचाने से लेकर खाना बनाने पर निगरानी, खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक की तैनाती और अच्छी सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने का दावा किया जाता है।

इसके अलावा, अगर खाने में अस्वच्छता या मिलावट पाई जाती है, खाना खराब हो, तो यात्री शिकायत करते हैं। कई मामलों में कार्रवाई भी होती है, जिसमें जुर्माना लगाना, अनुशासनात्मक कार्रवाई, काउंसलिंग करना और चेतावनी देना शामिल है।

खराब खाने की शिकायत के बाद भोजन की आपूर्ति करने वालों पर जुर्माना लगाने की खबरें आती हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर सब पहले की तरह चलता रहता है। सवाल है कि रेल मंत्रालय इसमें सुधार को लेकर कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाता कि ट्रेन में मिलने वाले भोजन की स्वच्छता और गुणवत्ता को लेकर यात्री पूरी तरह आश्वस्त रहें।

अगर रेलवे के लिए अपने तंत्र के तहत स्वच्छ भोजन मुहैया कराना संभव नहीं है, तो ट्रेनों में खाना देने का ठेका अलग-अलग कंपनियों को देने और उसमें बेहतर गुणवत्ता के लिए प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था बनाने की कोशिश क्यों नहीं की जाती?



# रणजी ट्रॉफी- 67 साल में जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में, बंगाल को 6 विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** 67 साल के घरेलू क्रिकेट इतिहास में पहली बार जम्मू-कश्मीर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है।कल्याणी में खेले गए रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जम्मू-कश्मीर ने दो बार की पूर्व चैंपियन बंगाल को 6 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जीत के लिए मिले 126 रनों के छोटे लक्ष्य को टीम ने चौथे दिन 34.4 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

वंशज शर्मा ने 43 रन बनाए, जबकि ढ्क्क स्टार अब्दुल समद 30 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत तक पहुंचाया। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज आकीब नबी रहे, जिन्होंने मैच में कुल 9 विकेट लेकर बंगाल की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इसके अलावा उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान भी दिया। समद की आक्रामक बैटिंग और वंशज का छक्का मैच के चौथे दिन जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 83 रनों की जरूरत थी और उनके 8 विकेट सुरक्षित थे। सुबह के सत्र में शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (9) जल्दी आउट हो गए, जिससे टीम पर दबाव बढ़ गया था। इसके बाद अब्दुल समद और 22 साल के युवा वंशज शर्मा ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 55 रनों की अटूट साझेदारी हुई। समद ने अपनी 27 गेंदों की पारी में 3 छक्के और 1 चौका लगाकर बंगाल के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। मैच का अंत वंशज शर्मा ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शानदार छक्का लगाकर किया।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऑरा खत्म हो गया है : ग्लेन मैकग्रा



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 में ऑस्ट्रेलिया का सफर समाप्त हो चुका है। जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप स्टेज में मिली करारी हार की वजह से ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट के प्रथम चरण से ही बाहर होना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने टीम के निराशाजनक प्रदर्शन की आलोचना की है। पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऑरा खत्म हो गया है। मॉर्निंग हेराल्ड से बात करते हुए ग्लेन मैकग्रा ने कहा, 'हमने इस विश्व कप की शुरुआत में ही चिंता जताई थी। टूर्नामेंट के नतीजे हैरान करने वाले नहीं हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम का दबदबा खत्म हो गया है।' ग्लेन मैकग्रा ने विश्व कप स्क्वॉड में कैमरन ग्रीन को जगह देने के लिए चयनकर्ताओं की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं ने स्टीव स्मिथ पर प्राथमिकता देते हुए कैमरन ग्रीन को टीम में जगह दी थी, लेकिन अगर वह गेंदबाजी नहीं कर पा रहा है तो टीम में किस तरह उसकी जगह बनती है। '

कैमरन ग्रीन को एक ऑलराउंडर के रूप में विश्व कप में चुना गया था, लेकिन वह बल्लेबाजी में फ्लॉप रहे, तो गेंदबाजी से पूरी तरह दूर रहे।

ग्रीन ने ग्रुप स्टेज के तीन मैचों में 24 रन बनाए हैं। इसमें एक मैच में शून्य भी शामिल है। वहीं, तीन मैचों में सिर्फ 7 गेंदें ही फेंक सके हैं। इसके बाद से ही उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं।ग्लेन मैक्ग्रा के साथ कभी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी की रीढ़ रहे जेसन गिलेस्पी ने भी विश्व कप की टीम में कैमरन ग्रीन और कूपर कोनोली के चयन पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, 'कूपर कोनोली और कैमरन ग्रीन पर जो भरोसा चयनकर्ताओं ने किया था, उस पर वे खड़े नहीं उतरे। '

# कनाडा के पूर्व कप्तान नवनीत धालीवाल ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली।** कनाडा क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नवनीत धालीवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। टी20 विश्व कप में 19 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ चेन्नई में होने वाले मुकाबले के बाद धालीवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। कनाडा के इस दिग्गज खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को मिली हार के बाद संन्यास की घोषणा की। 37 साल के धालीवाल ने कहा कि मैंने पूर्व में ही फैसला कर लिया था कि विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच मेरा आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। धालीवाल ने अपने करियर में टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई करने, उस विश्व कप के शुरुआती मैचों में रन बनाने और कनाडा का कप्तान बनने को करियर के यादगार लम्हों में से एक बताया।

उन्होंने संन्यास के बाद कोचिंग क्षेत्र में कदम रखने और युवाओं को मदद करने की इच्छा जाहिर की।

धालीवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाने वाले युवराज समरा की तारीफ करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड दुनिया की सबसे अच्छी टीमों में से एक है। उस टीम के खिलाफ शतक बनाना इस बात का सबूत है कि हमारे कनाडा में क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है।

धालीवाल अपने करियर का समापन टी20 फॉर्मेट में कनाडा के सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में करेंगे। 2019 में टी20 में डेब्यू करने वाले धालीवाल 48 मैचों की 46 पारियों में 10 अर्धशतक की मदद से 1,305 रन बना चुके हैं।

वहीं 2024 में वनडे में डेब्यू करने वाले नवनीत ने 18 मैचों की 17 पारियों में 4 अर्धशतक की मदद से 456 रन बनाए हैं।

इस दिग्गज खिलाड़ी ने कनाडा के लिए 29 टी20 और 4 वनडे मैचों में कप्तानी की है। उनकी कप्तानी में कनाडा ने 21 मैचों में जीत हासिल की।

कनाडा टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप डी में शामिल है। दिलप्रीत बाजवा की कप्तानी में खेल रही टीम

# साउथ अफ्रीका की लगातार चौथी जीत यूएई को 6 विकेट से हराया



साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप के 34वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 6 विकेट से हरा दिया। टीम की इस वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत है। वहीं, यूएई की तीसरी हार है। साउथ अफ्रीका सुपर-8 में पहले ही पहुंच चुकी है और यूएई बाहर हो चुकी है। दोनों टीमों का यह आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला था।

साउथ अफ्रीका ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया।श्च ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए। 123 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका ने 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

साउथ अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 36, रयान रिकेल्टन ने 30, ऐडन मार्करम ने 28 और क्विंटन डी कॉक ने 14 रन बनाए। जेसन स्मिथ (3) और ट्रिस्टन स्टब्स (6) नाबाद रहें।श्च के लिए मुहम्मद फारूक, हैदर अली, मुहम्मद अरफान और मुहम्मद जवादुल्लाह को 1-1 विकेट मिला।

यूएई के लिए अलीशान शराफू ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मुहम्मद वसीम 22, ओपनर अर्यांश शर्मा ने 13 और मुहम्मद अरफान ने 11 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने 3 और एनरिक नॉर्त्या ने 2 विकेट लिए। जॉर्ज लिंडे को 1 विकेट मिला। कॉर्बिन बॉश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

साउथ अफ्रीकाः ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, जेसन स्मिथ, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, क्वेना मफाका, एनरिक नॉर्त्या।

..

## व्यापार

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में जियो ने रखा 'नेशन-फर्स्ट् एआई स्टैक' का खाका




नई दिल्ली। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में जियो ने अपने 'नेशन-फर्स्ट एआई स्टैक' की रूपरेखा पेश की। कंपनी तकनीकी रूप से इसे 'जियो एआई स्टैक' नाम देती है और दावा करती है कि इसे भारत की जरूरतों और बड़े पैमाने की मांग को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। जियो इंटेलिजेंस के तहत विकसित किया जा रहा यह स्टैक केवल डेटा सेंटर तक सीमित नहीं है, बल्कि एक फुल-स्टैक एआई इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया जा रहा है।

'जियो एआई स्टैक' में गीगावॉट स्तर के ग्रीन डेटा सेंटर, उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग व्यवस्था, प्लेटफॉर्म और फ्रेमवर्क, भारतीय भाषाओं पर आधारित डेटा फाउंडेशन, बहुभाषी इंटेलिजेंस लेयर और विभिन्न क्षेत्रों के लिए एप्लिकेशन शामिल हैं। देश में मल्टी-गीगावॉट एआई डेटा सेंटर विकसित किए जा रहे हैं, जो 100% ग्रीन एनर्जी से संचालित होंगे, ताकि राष्ट्रीय स्तर की टिकाऊ एआई क्षमता तैयार की जा सके।

'जियो एआई स्टैक' को एक 'सॉवरेन'एआई इकोसिस्टम के रूप में प्रस्तुत किया गया है, यानी ऐसा ढांचा जो देश में विकसित हो और राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित हो। कंपनी का कहना है कि इसके जरिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, छोटे व्यवसायों और रोजमर्रा की सेवाओं में ढ्ढ आधारित समाधान विकसित किए जा सकते हैं।कंपनी के मुताबिक जियो ढ्ढ स्टैक का फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को हर भारतीय, साथ ही एंटरप्राइज और सरकारी संगठनों के लिए सुलभ और किफायती बनाना है। इसके तहत भारतीय भाषाओं को समझने और स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने वाली एआई क्षमताओं पर विशेष जोर दिया गया है।स्थानीय संदर्भ में विकसित इंटेलिजेंस के लिए व्यापक भारतीय भाषाओं के डेटा सेट तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही सुरक्षित, बहुभाषी वॉयस एआईऔर एजेंटिक प्लेटफॉर्म पर काम किया जा रहा है, जिससे उपयोगकर्ता अपनी भाषा में सहज एआई इंटरैक्शन कर सकें।

# दुनियाभर में यूट्यूब की सर्विस डेढ़ घंटे ठप रही, एप खोलने पर 'समथिंग वेंट रॉन्ग' का मैसेज दिखा




**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे पॉपुलर वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब की सर्विस अचानक ठप हो गई। डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, दुनियाभर में सुबह करीब 6 बजकर 20 मिनट से लगभग 8 बजे तक लाखों यूजर्स को इसे एक्सेस करने में परेशानी हो रही थी।

सबसे ज्यादा दिक्कत इसके मोबाइल एप में आई जहां यूजर्स को समथिंग वेंट रॉन्ग मैसेज दिख रहा था। हालांकि जब इसे दो-तीन बार रिफ्रेश किया तो वीडियोज दिखने लगे थे। लेकिन पूरी तरह से ये काम नहीं कर रहा था। वहीं इसकी वेबसाइट एक्सेस हो रही थी।

आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक अमेरिका में करीब 2.83 लाख लोगों ने यूट्यूब न चलने की शिकायत की। भारत में आज सुबह 7 बजे के करीब डाउनडिटेक्टर पर शिकायतों का आंकड़ा 18 हजार को पार कर गया। यहां 71% यूजर्स एप इस्तेमाल में दिक्कत हुई।

**यूट्यूब टीम ने कहा- रिकमेंडेशन सिस्टम में खराबी आई**

यूट्यूब की टीम ने इस आउटेज को लेकर आज सुबह 07:26 मिनट पर एक ङ्ग पोस्ट में कहा- अगर आपको अभी यूट्यूब चलाने में दिक्कत आ रही है,

तो आप अकेले नहीं हैं। हमारी टीमें इस मामले की जांच कर रही हैं और जो भी अपडेट होगा, हम यहां जानकारी देंगे।

इसके बाद एक और अपडेट में यूट्यूब ने कहा कि हमारे रिकमेंडेशन सिस्टम में एक खराबी की वजह से यूट्यूब के अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स जैसे होमपेज, यूट्यूब एप, यूट्यूब म्यूजिक और यूट्यूब किड्स पर वीडियो नहीं दिख रहे थे। होमपेज अब ठीक हो गया है, लेकिन हम अभी भी इसे पूरी तरह ठीक करने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही और जानकारी दी जाएगी।

# पीएम मोदी ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

## भारत-ईयू एफटीए के लिए फिनलैंड का जताया आभार



**नई दिल्ली।** एआई इम्पैक्ट के दौरान पीएम मोदी ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसे दोनों देशों के संबंधों के लिए अहम माना जा रहा है। बैठक में व्यापार, उभरती प्रौद्योगिकियों और सतत विकास जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के समर्थन के लिए फिनलैंड के प्रधानमंत्री का आभार जताया और कहा कि इससे भारत-यूरोप संबंधों में एक नए दौर की शुरुआत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है, जिससे आर्थिक साझेदारी को और मजबूती मिलेगी।

**इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर दिया गया जोर**

वार्ता के दौरान 6जी, इनोवेशन, क्लीन एनर्जी, बायोफ्यूल, सर्कुलर इकॉनमी, डिजिटलीकरण और एआई रिसर्च जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने एथिकल इनोवेशन, जिम्मेदार एआई और सतत विकास के लिए तकनीक आधारित समाधानों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने फिनलैंड के एआई क्षेत्र में उभरते प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभा द्विपक्षीय सहयोग को नई गति दे सकती है।

**पीएम ने सर्बिया के राष्ट्रपति के लेकर क्या बोला?**

इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के लेख की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह लेख भारत की एआई में प्रगति और भारत-सर्बिया के मजबूत संबंधों को दर्शाता है।

# सेंसेक्स 283 अंक बढ़कर 83,734 पर बंद, निफ्टी भी 94 अंक चढ़ा



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज यानी 18 फरवरी को बढ़त रही। सेंसेक्स 283 अंक की तेजी के साथ 83,734 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 94 अंक की बढ़त है, ये 25,819 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में बढ़त रही। वहीं निफ्टी-50 के 31 शेयरों में बढ़त रही। आज मेटल, बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर्स में बढ़त रही। वहीं आईटी शेयर्स में गिरावट रही।

**जापान के निक्केई में बढ़त**

जापान का निक्केई इंडेक्स 1.02% चढ़कर 57,143 पर बंद हुआ।दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज बंद हैं।

**अमेरिकी बाजार में 17 फरवरी को मिला-जुला कारोबार**

डाउ जोन्स 32 अंक (00.7%) की बढ़कर 49,533 पर बंद हुआ।

टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.14% बढ़कर 22,578 पर बंद हुआ।

एसएण्डपी 500 इंडेक्स 3 अंक (01.0%) बढ़कर 6,843 पर बंद हुआ।

**विदेशी निवेशकों ने 999 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे**

विदेशी निवेशकों ने 17 फरवरी को 999 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 375 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

इस महीने यानी फरवरी में अब तक FIIs ने 1,350 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। इस दौरान DIIs ने 11,630 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

जनवरी 2026 में FIIs ने कुल ?41,435 करोड़ के शेयर्स बेचे थे। इस दौरान DIIs ने ?69,220 करोड़ के शेयर खरीदे थे।बाजार में रही थी बढ़त इससे पहले कल यानी 17 फरवरी को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 173 अंक चढ़कर 83,450 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में करीब 42 अंक की तेजी रही, ये 25,725 पर बंद हुआ था।

# नवीन गतिविधियों को अपनाकर आर्थिक सशक्त बन रही हैं राज्य की सहकारी समितियां : गौतम कुमार दक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत गुजरात के गांधीनगर में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 17 फरवरी (मंगलवार) को 'सहकार मंथन' बैठक आयोजित हुई। राजस्थान से सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने इस अहम बैठक में सहभागिता की। दक ने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में राज्य में किये जा रहे कार्यों एवं नवाचारों को बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। विशेष रूप से विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के बेहतर क्रियान्वयन, सहकारी समितियों द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोले जाने, राष्ट्रीय स्तर पर गठित बहुराज्यीय सहकारी समितियों की राज्य की सहकारी समितियों द्वारा सदस्यता, नवीन एम-पैक्स के गठन, उदयपुर में बाइक ऑन रेंट सेवा शुरू किए जाने एवं सहकार सदस्यता अभियान आदि के लिए राज्य की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन में राज्य का देश में प्रथम एवं नवीन एम-पैक्स के गठन में द्वितीय स्थान है। इसी प्रकार, भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता के मामले में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि राज्य की सहकारी समितियों द्वारा अब तक 225 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भूमिका को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह उच्चस्तरीय बैठक सहकारी संस्थाओं को और अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं लाभकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में एम-पैक्स, डेयरी सहकारी समिति एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन आदि विभिन्न विषयों पर नीतिगत मंथन किया गया।

दक ने बताया कि शाह ने बैठक में राज्यों को अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने, सभी सहकारी संस्थाओं के बैंक खाते ज़िला सहकारी बैंकों में खोलने एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहकारी बैंकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी दिनों में देश में अनाज भण्डारण क्षमता उत्पादन की तुलना में तीन गुना बढ़ाने पर बल दिया।

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बैठक में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए राज्य की ओर से अपने सुझाव दिए। वहीं, राज्य की ओर से एक प्रस्तुतीकरण भी हुआ, जिसमें बताया गया कि राज्य की सहकारी समितियां अब केवल किसानों को ऋण वितरण तक सीमित नहीं है बल्कि सोलर एनर्जी प्लांट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वेयर हाउस, जिम, लाइब्रेरी, गेस्ट हाउस, ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-मित्र आदि नवीन गतिविधियों को अपनाकर वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं एवं नये वर्गों को भी अपने साथ जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां आनन्दी भी इस बैठक में शामिल हुईं।

# अलग-अलग मंचों के जरिए धर्म का संदेश पहुंचाना जरूरी हो गया : देवकीनंदन ठाकुर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**राजसमंद।** आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ने के लिए एक नई और अनोखी पहल का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल प्रवचन या कथाओं के माध्यम से ही नहीं, बल्कि युवाओं की रुचि के अनुसार अलग-अलग मंचों के जरिए धर्म का संदेश पहुंचाना जरूरी हो गया है। इसी सोच के तहत अब क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल को भी माध्यम बनाकर बच्चों और युवाओं को धर्म, संस्कार और जीवन मूल्यों से जोड़ने की योजना बनाई गई है। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, 'आज का युवा वर्ग धर्म के रास्ते पर भी चलना चाहता है और साथ ही अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित भी देखना चाहता है।

इसी संतुलन को ध्यान में रखते हुए इस क्रिकेट आयोजन में आकर्षक इनाम रखे गए हैं।' उन्होंने बताया कि जो टीम इस टूर्नामेंट में विजेता बनेगी, उसे 31 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 15 लाख रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, 'मैन ऑफ द सीरीज' को एक कार और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को बाइक दी जाएगी। ये सभी पुरस्कार खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से रखे गए हैं।

देवकीनंदन ठाकुर ने आगे कहा, 'यह आयोजन सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके जरिए खिलाड़ियों को संतों के समीप आने का भी अवसर मिलेगा। खिलाड़ियों की मुलाकात संतों से कराई जाएगी, जो उन्हें बताएंगे कि खेल में आत्मबल कितना जरूरी होता है और किसी भी खिलाड़ी के जीवन में परिवार का सहयोग कितनी बड़ी भूमिका निभाता है। जब खेल और संस्कार एक साथ जुड़ते हैं, तो युवा न सिर्फ अच्छा खिलाड़ी बनता है बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनता है। '

# दलहनी फसलो में आत्म निर्भरता बढ़ाना आवश्यक- प्रियंका पारीक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**भीलवाड़ा।** संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार के तत्वावधान में बुधवार को जिले के भादू ग्राम पंचायत के भालडिया खेड़ा गांव में दलहनी फसलों में आत्म निर्भरता बढ़ाने हेतु कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। प्रशिक्षण शिविर में कृषि अधिकारी प्रियंका पारीक ने कहा कि भारत सरकार द्वारा दलहनी फसलों में राज्यों को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक 'दलहन में आत्म निर्भरता मिशन' लागु किया गया है।

कृषकों एवं कृषि विस्तार कार्मिकों की तकनीकी ज्ञान वृद्धि हेतु प्रशिक्षण एक आवश्यक माध्यम है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषकों के लिए कृषि से संबंधित आधुनिक पद्धतियों, तकनीकों और उन्नत प्रौद्योगिकी से सशक्त करने के लिए आवश्यक हैं। अनुसंधान एवं विकास योजनाओ के लाभ लाभार्थियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम विस्तार प्रणाली है। विस्तार की विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर वास्तविक लाभार्थियों को उचित ज्ञान व जानकारी उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जा रहा है।

कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने कहा कि 'दलहन में आत्म निर्भरता मिशन' रबी अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को दलहनी फसलों की तकनीकी जानकारी देने एवं उत्पादन वृद्धि हेतु कृषि विभाग द्वारा सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, उन्नत किस्म के बीज, उर्वरक प्रबन्धन, खरपतवार नियन्त्रण, की जानकारी दी जा रही है, दलहनी फसलों में प्रोटीन की मात्रा अधिक होने के कारण मानव स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है, कृषकों को अधिक से अधिक दलहनी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया गया।



# जयपुर में 15 साल से पुराने कमर्शियल वाहन होंगे सीज, 45 दिन चलेगा विशेष अभियान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर की हवा में घुलते जहर को रोकने के लिए आरटीओ प्रथम ने बड़ा कदम उठाया है। 15 साल से ज्यादा पुराने कमर्शियल वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू करने का फैसला किया गया है।

नॉन अटेनमेंट सिटी घोषित होने के कारण जयपुर में ऐसे वाहनों का संचालन पहले से बैन है, इसके बावजूद इनके चलने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अब परिवहन विभाग ने जयपुर में रजिस्टर्ड सभी पुराने कमर्शियल वाहनों पर सीधी कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के साफ निर्देश हैं- तय समयसीमा पूरी कर चुके कमर्शियल वाहनों को शहर में चलने की इजाजत नहीं।

प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए इन्हें पहले ही फेज आउट कर दिया गया था, लेकिन नियम तोड़ने के मामले सामने आते रहे। अब इसे रोकने के लिए 45 दिनों का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसमें नियम तोड़ने वाले वाहनों को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा।

### बिना आरसी, फिटनेस और परमिट पर भी होगी कार्रवाई

आरटीओ ने बताया- अभियान के दौरान 15 साल से अधिक पुराने कमर्शियल वाहनों को सड़क पर चलते पाए जाने पर तुरंत सीज किया जाएगा। इसके साथ ही जिन वाहनों के पास वैध आरसी, फिटनेस सर्टिफिकेट और परमिट नहीं होगा, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी के नियमों के तहत जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय में माइक्रोग्रीन्स पर कार्यशाला आयोजित



### छात्राओं को मिला शहरी खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के इंटर्नशिप सेल द्वारा इतरा फाउंडेशन के सहयोग से माइक्रोग्रीन्स विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल शहरी खेती और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला का लक्ष्य छात्राओं को कम बजट में माइक्रोग्रीन्स उगाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना और उन्हें शहरी बागवानी एवं 'सुपरफूड्स' की अवधारणा से परिचित कराना रहा। इसके साथ ही नेतृत्व कौशल के विकास, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन तथा जैविक खाद्य बाजार में संभावित व्यावसायिक अवसरों पर शोध को भी कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धरती माँ की प्रार्थना से हुई। कार्यशाला में कुल 45 छात्राओं और महाविद्यालय की 15 विभिन्न संकाय शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता की। यह आयोजन विशेष रूप से युवा महिलाओं को उन कौशलों और जानकारियों से लैस करने पर केंद्रित था, जिनकी मदद से शहरी घरों के सीमित स्थान में भी 'सुपरफूड' उगाया जा सकता है।इतरा फाउंडेशन की संस्थापक ऋचा सिंघी ने माइक्रोग्रीन्स के अंकुरण से लेकर कटाई तक का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने खान-पान उद्योग में जैविक भोजन की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला, जिससे छात्राओं को माइक्रोग्रीन बागवानी को एक व्यवहार्य घरेलू व्यवसाय के रूप में अपनाने की प्रेरणा मिली।वर्कशॉप के दौरान छात्राओं ने प्रदर्शन, व्यवहारिकता और क्रियाशीलता के माध्यम से माइक्रोग्रीन्स की खेती का स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस सीखा। इसमें बीजों का चयन, बुवाई, रोशनी की आवश्यकता, तथा अधिक पानी से बचाने के लिए 'मिस्टिंग' तकनीक जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल रहीं। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ इतरा फाउंडेशन के साथ इंटर्नशिप के अवसर भी प्रदान किए गए।

# जयपुर के SKIT कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी:प्रशासन ने कैंपस खाली कराया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान कॉलेज को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद कॉलेज में हड़कंप मच गया। कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्र और स्टाफ को कैंपस से बाहर निकाला है।

सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और बम निरोधक दस्ता सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने मौके पर पहुंच पूरे कैंपस में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

दरअसल ई-मेल में कॉलेज में आरडीएक्स बम लगाए जाने और तय समय पर विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। एहतियात के तौर पर कॉलेज को पूरी तरह खाली कराकर हर बिल्डिंग और संवेदनशील स्थानों की गहन जांच की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कैंपस में किसी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर जांच जारी है। साथ ही धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

### ईमेल में यह लिखा है

बालूचोटन टाइगर्स डीएमके आईटर विंग की ओर से कॉलेज के प्रिंसिपल को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि ठीक 11:45 AM बजे आपके इंजीनियरिंग कॉलेज में 6 RDX बम फटेंगे। सिर्फ मुस्लिम आतंकियों को ही बाहर निकालें।

प्रिंसिपल साहब तमिलनाडु के कॉन्स्टेबलों को डीएमके कार्यकर्ताओं के कपड़े और गंदे बर्तन साफ करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई लोगों ने बेइज्जती और बदतमीजी झेली है। इसलिए आज आपके कॉलेज को टारगेट किया है। ताकि इस प्रैक्टिस के खिलाफ एक बयान दिया जा सके और कॉन्स्टेबलों के लिए तमिलनाडु में 1979 के नाम यूनियन की सिफारिशों को लागू किया जा सके। हमारे पास अपनी मांगें सुनने का कोई और तरीका नहीं है, सॉरी।



# एसएमएस अस्पताल में बारिश का पानी भरा 3 ऑपरेशन रद्द, परिजन बोले-डॉक्टरों ने डांटकर भगाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में बुधवार को हुई बारिश के कारण ट्रोमा सेंटर के ऑपरेशन थिएटर के पास बने वेटिंग वार्ड में पानी भर गया। इस वजह से 3 मरीजों को बिना ऑपरेशन किए ही वापस लौटा दिया गया।

मरीजों ने इस बात का विरोध भी किया, लेकिन वहां मौजूद पैरामेडिकल और मेडिकल स्टाफ ने उन्हें डांटकर भगा दिया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 2 बजे जयपुर में कई स्थानों पर बारिश हुई। इस दौरान एसएमएस ट्रोमा सेंटर की बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर बने ऑपरेशन थिएटर के पास मरीजों का वेटिंग एरिया पानी से भर गया।

पहले तो छत पर लगी फॉल सिलिंग से धीरे-धीरे पानी टपकने लगा और देखते ही देखते जगह-जगह से तेज धार के साथ पानी बहने लगा। तेज पानी बहने से वार्ड के फर्श पर पानी भर गया। मरीज और उनके परिजन पानी से बचने के लिए वार्ड में मौजूद ट्रोली और बैड इधर-उधर खींचकर भीगने से बचते दिखे।

### ऑपरेशन रोके, मरीजों को वापस भेजा

दौसा के सिकराय की रहने वाली बुजुर्ग महिला की जांघ की हड्डी में हुए फ्रैक्चर का ऑपरेशन था। मरीज और उसके परिजन सुबह 8 बजे बाद आ गए, जिनका ऑपरेशन दोपहर करीब 1 बजे होना था। लेकिन 5-7 मरीजों का ऑपरेशन होने के बाद डॉक्टरों ने पानी भरता देख आगे के मरीजों का ऑपरेशन करना बंद कर दिया और उन्हें वापस भेज दिया।

करीब 3 मरीज इंतजार करने के बाद वापस लौटा दिए। बुजुर्ग महिला के साथ आए परिजन (पोता) सागर ने बताया- कि जब ऑपरेशन करने के लिए स्टाफ से कहा गया, तो उनकी बहस हो गई और उनको डांटकर वहां से भगा दिया।

# पिकअप ने 4 बच्चों समेत 5 को कुचला, 2 की मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**टोंक।** शादी में डांस करते समय 4 बच्चों समेत 5 लोगों को पिकअप ने कुचल दिया। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई। 2 बच्ची और एक महिला घायल है। मामला टोंक के सदर थाना इलाके के गोल डूंगरी का बुधवार शाम करीब 4 बजे का है। पुलिस के अनुसार, हादसे में कुलदीप (8) पुत्र रामकिशोर और दिलखुश (10) पुत्र पप्पू की मौत हो गई। अंता (34), ऊषा (8) और नेहा (7) गंभीर घायल हो गई। घायलों का सआदत अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी जयमल सिंह ने बताया- गोल डूंगरी इलाके में शादी समारोह के दौरान डीजे बज रहा था। बच्चे, महिलाएं और पुरुष डांस कर रहे थे। इस दौरान डीजे की पिकअप चला रहे ड्राइवर ने आगे लेने की बजाय बैक कर लिया। ड्राइवर को डिटेन कर लिया है। उससे पूछताछ जारी है।

# गौ-संरक्षण व जैविक कृषि पर विशेष सत्र की मांग विधानसभा अध्यक्ष से मिले डॉ. अतुल गुप्ता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने राजस्थान विधानसभा में हाल के दिनों से गायों को लेकर चल रही गरमा-गरम बहस के बीच विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट कर राज्य में गौ-पालन संवर्धन, गौ-संरक्षण तथा गौ-आधारित प्राकृतिक/जैविक कृषि पर विशेष सत्र आयोजित करने की मांग रखी।

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में गौ-संरक्षण के मुद्दे पर सदन और राजनीतिक गलियारों में माहौल गर्म है तथा भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों ही दल खुद को गायों के प्रति अधिक गंभीर बताते हुए अपने-अपने पक्ष रख रहे हैं। ऐसे में यदि इस विषय पर विशेष सत्र आयोजित होता है, तो गाय को राज्य माता का दर्जा सर्वसम्मति से दिए जाने का मार्ग प्रशस्त होने की संभावना जताई जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सी. पी. जोशी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप कुमार शर्मा तथा परिषद के प्रतिनिधि संजय पथरिया भी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास, किसानों की आय वृद्धि, गौशालाओं के स्वावलंबन, जैविक कृषि विस्तार तथा राजस्थान को चरणबद्ध रूप से जैविक प्रदेश बनाने की दिशा में ठोस नीतिगत पहल पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान डॉ. अतुल गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को गौ-संरक्षण एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप गौमाता भेंट कर सम्मानित किया, वहीं सांसद सी. पी. जोशी एवं विधायक संदीप कुमार शर्मा ने दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।

# मौत से भी भूख होती है बड़ी

**एसकेमंगल**



'भूख मौत से बड़ी होती है, सुबह मिटाओ, शाम को फिर खड़ी होती है' - यह एक प्रचलित कहावत है जो भूख की निरंतरता और जीवन की बुनियादी आवश्यकता को दर्शाती है। इसका अर्थ है कि मृत्यु तो जीवन में एक बार आती है, लेकिन भूख हर दिन आती है, जिसे शांत करने के बाद भी वह अगले ही समय फिर से लौट आती है। अनेक वीडियो 'भूख मौत से बड़ी होती है' कहावत के बारे में और जानकारी देते हैं। भूख का मौत से बड़ा होने के कारण भूख को एक बार खाना खाने के बाद भी, यह हर दिन, हर सुबह और शाम फिर से उठ खड़ी होती है। जीवित रहने के लिए भूख शांत करना आवश्यक है, जो इसे अत्यंत प्रबल बनाती है। भूख को पेट की एक ऐसी ज़रूरत के रूप में देखा जाता है जो रोज़ाना की मेहनत और संघर्ष का कारण है। सांझ खिलाय विदा कर दिनी, प्रातः होत खड़ी। कहत कबीर सुनो भाई साधु, मौत से भूख बड़ी॥ लेकिन ये कबीर की मूल रचना नहीं, बल्कि उनकी शैली में बनी एक लोकप्रिय साखी कथन है। ये मुख्य रूप से स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती जैसे प्रवचनकारों के भाषणों में बहुत इस्तेमाल होती है। कबीर ने गरीबी, भूख, रोज़मर्रा की पीड़ा, माया की नश्वरता पर बहुत कुछ कहा है। असली कबीर के कुछ भूख से जुड़े दोहे हैं, जैसे भूखा भूखा क्या करे, कहा सुनावे लोग। भांडा घड़ निज मुख दिया, सोई पूर्ण जोग॥ भूखी हालत में रोना- धोना क्या फायदा? ईश्वर ने मुंह दिया है, उसी से संतोष पाओ। साई इतना दीजिए, जा में कुटुम समाय। मैं भी भूखा न रहूँ, साधु ना भूखा जाय॥ प्रभु, इतना दो कि परिवार समा जाए–न मैं भूखा रहूँ, न कोई साधु भूखा जाए। ये दोहे भूख की वास्तविकता को छूते हैं, 'मौत से बड़ी' वाला तुलनात्मक रूप आधुनिक लोक-व्याख्या या प्रेरित कथन है। कबीर की वाणी में मौत पर कई गहरे दोहे हैं जैसे 'जिस मरन से जग डरे, सो मेरे आनंद' या 'मरना पहिले जो मरै, अजय अमर सो होय '।

# यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें, पालना नहीं करने पर करें कार्यवाही- जिला कलक्टर

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित अवैध कट्स और ब्लैक स्पॉट्स को बंद करने के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित एजेंसी सुनिश्चित करें कि बंद कट्स पुनः शुरू ना हो साथ ही पुनरू चालू किए गए अवैध कट्स का सर्वे कर बंद करें एवं नियमों की अवहेलना करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करें। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि डीटीओ की टीम लगातार फील्ड में रहकर ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्यवाही कर उन्हें जब्त कर चालान करें, एंट्री प्वाइंट्स पर नाकाबंदी करें। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार हाइवे के किनारे बिल्डिंग लाइन एवं कंट्रोल लाइन के भीतर स्थित अवैध निर्माणों को लेकर नियमानुसार सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा। उन्होंने शहर में भारी वाहनों के आवागमन से सुगम यातायात में हो रही परेशानी को हल करने के लिए पुलिस, पीडब्ल्यूडी, डीटीओ, एनएचएआई के अधिकारियों की टीम गठित कर ट्रैफिक मैनेज एवं पार्किंग समस्या के अन्य विकल्प तलाश कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। आरएसआरडीसी, एनएचएआई, पीडब्लयूडी को सड़कों की स्थिति में सुधार के प्रयासों में गति लाने के लिए संयुक्त रूप से टीम बनाकर नियम अनुसार इंडीकेशन बोर्ड, साइनेज, घुमाव पर चेतावनी बोर्ड, सड़क किनारे अतिक्रमण, लाइट्स के लिए सक्रियता से कार्य करने को कहा। उन्होंने ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, ग्रीन बेल्ट और डिवाइडर पर अवैध क्रॉसिंग प्वाइंट्स, मार्किंग, सड़क पेच वर्क, यू-टर्न, साइन बोर्ड का प्रभावी क्रियान्वयन एवं यातायात नियमों के बारे में प्रचार-प्रसार करने, आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्ष कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बीडीएम अस्पताल के सामने फुट ब्रिज का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने सहित निर्माणाधीन फ्लाइओवर का कार्य शीघ्र पूर्ण करने सहित दुर्घटना संभावित स्थानों पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

लेन ड्राइव सिस्टम की गंभीरता से पालना करें, पुलिस कार्यवाही में सहयोग करें-जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लेन सिस्टम का सख्ती से पालन करवाते हुए नियमानुसार ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग, सर्विस लाइन पर अतिक्रमण हटाने, राजमार्गों का नियमित अवलोकन करने, इंटरसेप्टर द्वारा हाईवे की मॉनिटरिंग करने का कार्य करें एवं गलत ओवरटेक वालो पर कार्यवाही करें एवं स्थानीय निकाय एवं एजेंसियों को आवारा पशुओं को हाईवे क्षेत्र से दूर रखने के कार्यों को गंभीरता से लें। उन्होंने हाईवे पर अस्थाई बस स्टॉप को अन्यत्र शिफ्ट करने हेतु टीम गठित कर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा।



# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन जारी

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** स्थानीय एलबीएस पीजी महाविधालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस बुधवार को मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर व सरस्वती वंदना के साथ षिविर का शुभारम्भ किया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव ने तीसरे दिवस की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों के चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व पर प्रकाश डाला। समाज व राष्ट्र सेवा में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के बारे में बताया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीईओ एलीट फाउण्डेशन भीमसिंह सैनी ने कृत्रिम बुद्धिमता एआई एवं भविष्य विषय पर कार्यशाला करवाई। उन्होंने एआई के विभिन्न टूल्स के बारे में तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने एआई के फायदे व नुकसान विस्तार से बताये। उन्होंने विद्यार्थियों को स्नातक के साथ की जाने वाली इंटर्नशिप के बारे में भी जानकारी दी। अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र रखा गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से सोहन कुमार एवं दिनेश प्रजापत ने प्राप्त किया।



# यादव समाज की बैठक का आयोजन

## समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने पर दिया जोर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** ग्राम देवता के सहज भारती मंदिर में अध्यक्ष रामावतार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को यादव समाज की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें समाज में फैल रही कुरीतियों पर विचार-विमर्ष किया गया। बैठक में देवता, छारदड़ा, बनार, पानेड़ा व रामगढ़ के यादव समाज के लोग एकत्रित हुये। बैठक को जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव, पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, ऑडिटर राजेन्द्र यादव, सरपंच हनुमान यादव सहित अन्य ने सम्बोधित किया। समाज के लोगों ने एकमत होकर कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। इस दौरान 22 फरवरी को बानसूर में यादव समाज की बैठक का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रामावतार थानेदार, सुबेदार हरिराम, सुबेदार इन्द्राज, षिवराम, गुलझारी लाल गुरूजी, हनुमान बाबूजी, दाताराम जागेदार, प्रेम यादव, दाताराम जागीरदार, मातादीन, विजय, सुभाष ठेकेदार, बीरबल थानेदार, जयराम पंच, लालचंद गुरूजी, अरविन्द सरपंच, बाबूलाल सूबेदार सहित बड़ी

# बानसूर के डॉ.हितेश सैनी को मिला सम्मान

## राष्ट्रीय शिक्षा रत्न से सम्मानित शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और साहित्य में दिया योगदान



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर उपखंड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथूसर बानसूर के इतिहास व्याख्याता डॉ. हितेश सैनी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। वे बानसूर नगरपालिका के निवासी हैं।

देशभर से 1000 शिक्षकों ने किया था नामांकन-डॉ. सैनी का चयन नवाचारी समूह द्वारा आमंत्रित ऑनलाइन विस्तृत आवेदन, दस्तावेजों की जांच और एक विशेष दल द्वारा लिए गए ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इस सम्मान के लिए देशभर से 1000 से अधिक शिक्षकों ने नामांकन किया था, जिनमें से राजस्थान राज्य से चार शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय नवाचारी अवार्ड हेतु हुआ। कोटपूतली-बहरोड़ जिले से डॉ. हितेश सैनी इनमें से एक हैं।

कदम से कलम तक अभियान चलाया-उन्हें यह सम्मान शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान, विशेषकर नेटवर्क विहीन विद्यालयों में ई-कंटेंट के माध्यम से नवाचारी शिक्षण करवाने के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करने और उनके शैक्षणिक उन्नयन हेतु सावित्री बाई फूले प्रतिभावान छात्रा अवार्ड की शुरुआत की।

# 150 किलोग्राम खराब एवं बदबूदार पनीर को मौके पर ही नष्ट कराया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व जिला कलेक्टर के निर्देशन में गुरुवार को बानसूर के गांव मल्लुवास हरसौरा में मिलावटी पनीर बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम अपने जांच दल के साथ मौके पर पहुंची। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि गांव मल्लुवास हरसौरा बानसूर में स्थित तीजा मिल्क प्रोजेक्ट पर कार्यवाही कर लगभग 150 किलोग्राम खराब एवं बदबूदार पनीर को मौके पर ही नष्ट कराया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म का मालिक कुलदीप सिंह यादव मौके पर मौजूद था। मिलावटी पनीर का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नमूना लिया गया जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर सम्बन्धित विक्रेता एवं फर्म के विरुद्ध कारवाही की जाएगी। निर्माण इकाई पर साफ सफाई नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। साथ ही गांव हरसौरा में स्थित फर्म नरेश कुमार पंकज कुमार से काली मिर्च एवं जीरा का भी खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के तहत एक एक नमूना भी लिया गया। उक्त सैंपलों को प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया गया एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सीएमएचओ ने आमजन से अनुरोध किया है कि आपके क्षेत्र में अगर इस तरह की मिलावट हो रही है तो विभाग को सूचित करे। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा मौजूद रहे।

## जिला अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज

कोटपूतली।जिला अभिभाषक संघ, कोटपूतली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार 19 फरवरी को दोपहर 03 बजे से जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगा। संघ के अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रविन्द्र चिराणियां होगें। जबकि अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीष रवि शर्मा द्वारा की जायेगी। विषिष्ठ अतिथि के रूप में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक एवं डीआईजी आईपीएस देवेन्द्र कुमार बिष्नोई भाग लेगें। कार्यक्रम में अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव मुकेष यादव व कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर को शपथ दिलाई जायेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्तागण सहित न्यायिक अधिकारी, पुलिस प्रषासन के अधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेगें।

# मनोज कुमार सैनी को पीएचडी की उपाधि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सहायक आचार्य मनोज कुमार सैनी को राजस्थान विष्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार एवं शैक्षणिक जगत के लिये गर्व का विषय है। डॉ. सैनी ने हिंदी के स्त्री केंद्रीत समान्तर सिनेमा का अध्ययन विशेष संदर्भ 21वीं सदी का दूसरा दशक विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। यह शोध कार्य डॉ. अर्जुनसिंह सहायक आचार्य राजस्थान विष्वविद्यालय के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। अपने शोध में डॉ. सैनी ने 21वीं सदी के दूसरे दशक में निर्मित हिंदी समान्तर सिनेमा का स्त्रीवादी दृष्टिकोण से गंभीर विश्लेषण प्रस्तुत किया है। शोध में यह स्पष्ट किया गया है कि समकालीन हिंदी सिनेमा में महिला पात्रों की प्रस्तुति किस प्रकार सामाजिक यथार्थ, लैंगिक असमानता, सत्ता संरचनाओं और सांस्कृतिक बदलावों को प्रतिबिंबित करती है।

यह शोध केवल सिनेमा के सौंदर्यशास्त्रीय एवं वैचारिक आयामों को उजागर नहीं करता, बल्कि भारतीय समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक इतिहास को समझने का एक गंभीर शैक्षणिक प्रयास भी है। विशेष रूप से स्त्री विमर्श के संदर्भ में यह अध्ययन भविष्य के शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगा। प्राचार्य प्रो. आरपी गुर्जर व स्टॉफ ने सैनी को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।




# उद्योगों की सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को उद्योगों में सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक एनआईए (एसोसिएशन भवन) नीमराना के सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई व एडीएम ओमप्रकाश सहारण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि एवं औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि औद्योगिक ईकाईयों के सुरक्षा मानकों को बनाये रखें। जिससे कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने सूक्ष्म और लघु औद्योगिक ईकाईयां संयुक्त रूप से सेफ्टी एंड सिक्योरिटी सिस्टम विकसित करने एवं समय-समय पर मॉक ड्रिल करने, सॉलिड और लिक्विड अपशिष्ट पदार्थों का ठीक तरीके से निस्तारण करने के साथ-साथ औद्योगिक एसोसिएशन को निर्धारित प्रपत्र में सुरक्षा मानकों पर इंटरनल ऑडिट करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने रीको नीमराना और रीको घिलोठ के अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित ईकाईयों का सुरक्षा मानकों पर टीम का गठन कर निरीक्षण कर 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, रीको द्वारा आवंटित भूखंड पर वो ही गतिविधि की जायें जो आवंटन पत्र में निर्दिष्ट हो, यदि गतिविधि में परिवर्तन हो तो नियमानुसार परिवर्तन करवायें, भूखंड मालिक द्वारा यदि भूखंड किराये पर दिया जाता है तो नियमानुसार रिको में सूचना दी जायें, ताकि उस भूखंड पर अवैध गतिविधियां ना हो। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिष्नोई द्वारा ईकाईयों को लेबर वेरिफिकेशन के लिए राजकॉप ऐप और सिटीजन ऐप के बारे में जानकारी दी



# बानसूर के भूपसेड़ा को मिलेगी हाईटेक लाइब्रेरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर के भूपसेड़ा में एक हाईटेक लाइब्रेरी निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह राशि अंबेडकर भवन परिसर में बनने वाले पुस्तकालय हेतु विधानसभा सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत जारी की गई है। विधायक देवीसिंह शेखावत की अनुशंसा पर यह स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्टूडेंट्स को मिलेगी सुविधा-इस पुस्तकालय के बनने से क्षेत्र के विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और अन्य छात्रों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे उन्हें अपनी शिक्षा और ज्ञान वृद्धि में सहायता मिलेगी।

शिक्षा को लेकर बढ़ेगी जागरूकता-विधायक देवीसिंह शेखावत ने बताया कि पुस्तकालय ज्ञान का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है। यह युवाओं को शिक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने में सहायक होगा। मेघवाल विकास समिति के जिला अध्यक्ष एड. सुबेसिंह मोरोड़िया ने इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।



# जिला स्तरीय खनीज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में अवैध खनन की रोकथाम के संबंध में बुधवार को जिला स्तरीय खनीज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि पुलिस, वन, परिवहन और खनन विभाग को आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा, ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लग सके। उन्होंने जिले में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण पर सतत् निगरानी रखते हुए लिप्त लोगों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी कार्वाई के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाया जाए। जिला कलेक्टर ने नियमानुसार पट्टाधारियों द्वारा खनन कार्य करने और पर्यावरण संतुलन हेतु अधिकाधिक पौधारोपण करने को कहा। इस दौरान उन्होंने समिति सदस्यों एवं खनन पट्टा धारियों की व्यावहारिक समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करने को कहा साथ ही बैठक में उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार व आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। सहायक खनि अभियंता को हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त शिकायत पर तुरंत कार्यवाही करने को कहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने संभावित अवैध खनन क्षेत्र में सघन निगरानी रखने, संयुक्त दल गठित कर नियमित मॉनिटरिंग करने, अवैध खनन में लिप्त वाहनों को सीज करने के लिए सक्रिय कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने संभावित अवैध खनन क्षेत्र कायसा, बानसूर, नारायणपुर, भुरी भड़ाज, बुचारा क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए समन्वय से कार्य करने एवं ओवरलोडिंग वाहनों पर निगरानी सख्त करने के लिए डीटीओ को सख्त कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान सहायक खनि अभियंता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटपूतली (सदस्य सचिव) अमीचंद दुहारिया ने विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों एवं कार्ययोजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अवैध खनन/निर्गमन/भंडारण के कुल 198 प्रकरण दर्ज किए गए।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 357 मरीज लाभान्वित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर।** रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली के प्रोफेसर डा. शिव प्रसाद खेदड़ की प्रेरणा से कोलसिया ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोलसिया, भोड़की, गुढ़ा आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया।

कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 357 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई।शिविर में सरपंच प्रतिनिधि महेश पारीक, डा. शिव प्रसाद खेदड़, डा. शिशुपाल सिंह खेदड़, डा. सुभाष दूत, शीशपाल दूत, डा. संदीप जाखड़, झाबर दूत, गोवर्धन खेदड़, रामेश्वर खेदड़, सुभाष खेदड़, श्रीचंद नेहरा, देशराज नेहरा, सूबेदार महावीर, सूबेदार मामचंद, मुकेश कालेर, कमल कालेर, विद्याधर ढ़ाका, रामप्रताप कुमावत, ब्रह्मचंद सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

# तीन दिवसीय पदयात्रा सेवा शिविर का आयोजन 23 से

**कोटपूतली।** श्री श्याम बाबा पदयात्रियों की सेवा को समर्पित द्वितीय पदयात्रा सेवा शिविर का आयोजन 23 से 25 फरवरी 2026 तक पाथरेड़ी मोड़ पर किया जायेगा। यह आयोजन कोटपूतली क्षेत्र में सांवरिया सारथी ग्रुप के तत्वाधान में होगा। सांवरिया सारथी ग्रुप के अध्यक्ष रवि प्रजापति ने बताया कि शिविर में बाबा श्याम के पदयात्रियों के लिये नि:शुल्क भोजन, फल-फ्रूट वितरण तथा चिकित्सा सेवा की समुचित व्यवस्था की जायेगी। साथ ही श्याम प्रेमियों के ठहरने के लिये उत्तम व्यवस्थायें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शिविर स्थल पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने में सांवरिया सारथी ग्रुप के सभी सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे।

यह सेवा शिविर पदयात्रियों को विश्राम और सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# कक्षा 8 के विद्यार्थियों को विदाई दी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**गंगापुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाघपुरा में विदाई कार्यक्रम रखा गया जिसके मुख्य अतिथि पीईईओ दोसर गोपाल लाल शर्मा, अध्यक्षता प्रशासक जसवंत सिंह आसोलिया, विशिष्ट अतिथि पूर्व पीईईऔ नानुराम कुम्हार, जगदीश कुमावत,मदन लाल सिरवी, कमलेश कुमार सालवी, अंकित शर्मा के आतिथ्य में 13बालक बालिकाओं को तिलक माल्यार्पण एवं ऊपर ना पहना कर विदाई दी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल लाल शर्मा द्वारा मेहनत करनी चाहिए और सकारात्मक सोच के साथ मेहनत कर उच्च पायदान को प्राप्त कर सकते हैं। सेवानिवृत्त पीईईओ नानूराम कुम्हार ने बालकों को जीवन में आदर्श नागरिक बनकर अपना और गांव का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र रेगर ललित कुमार सामलोट,मैना सुवालका, संगीता खटीक आदि उपस्थित रहे।

# श्री झूलेलाल साई जी के मंदिर में चंद्र दर्शन पर फाग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर।** सीकर के शेखपुरा मोहल्ला स्थित सिंधी कॉलोनी में बुधवार को श्री झूलेलाल साई जी के मंदिर में चंद्रदर्शन पर फाग उत्सव का कार्यक्रम बड़े धाम से मनाया गया सिंधी समाज महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया की भजन गायक रवि सोनी एवं वंदना राठौर व झूलेलाल महिला मंडली द्वारा बाबा को मीठे-मीठे भजनों से रिझाया गया भजनों के धमाल पर बाबा के साथ फूलों की होली खेली गयी इस अवसर पर झूलेलाल साई जी का खजाना निकाला तत्पश्चात आरती व प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम मे राजेश थावानी, सेवादार दौलत मंगनानी, राम केसवानी, मोहनदास राजवानी,एवं श्री झूलेलाल महिला मंडली, श्री प्रेम प्रकाश महिला मंडली व झूलेलाल मंदिर की सेवादार मातृशक्ति और समस्त सिंधी समाज उपस्थित हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय सप्रयोग कार्यशाला का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

बीकानेर । मेडिकल कॉलेज अस्थि रोग विभाग के तत्वाधान में पीबीएम ट्रॉमा सेंटर सभागार में जन्मजात टेढे मेढे पांवों के 'क्लबफुट प्लास्टर प्रबंधन' पर अंतरराष्ट्रीय सप्रयोग कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रॉमा सेंटर निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एल. खजोटिया ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिसका प्रारंभिक अवस्था में ponseti पद्धति से उपचार से शत-प्रतिशत सुधार संभव है। उन्होंने कहा कि पोन्सेटी विधि विश्व स्तर पर स्वीकृत, सरल एवं प्रभावी तकनीक है, जो बिना बड़े ऑपरेशन के बच्चों को सामान्य जीवन प्रदान कर सकती है।उन्होंने क्योर इंडिया इंटरनेशनल एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकीय गुणवत्ता को सुदृढ़ करते हैं और युवा चिकित्सकों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# डिजिटल जनगणना के नवाचारों के प्रति आमजन को करें प्रेरित-श्रीनिधि बी टी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य के लिए नियमित सहायकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। 16 से 18 फरवरी तक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण का समापन प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में हुआ।



धौलपुर...बैठक में निर्देश देते जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी

समापन सत्र में जिला कलक्टर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीनतम जनगणना के आंकड़ों का उपयोग राष्ट्रीय नीति निर्माण और आधारभूत संरचना विकास में किया जाएगा।

इसलिए जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में पूर्ण गंभीरता व शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटल जनगणना के अंतर्गत किए गए नवाचारों, विशेषकर स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही चार्ज स्तर पर कार्य कर रहे कार्मिकों को योजना बनाकर निर्धारित समयावधि में सभी कार्य पूर्ण करने को कहा।

जनगणना निदेशालय के मास्टर ट्रेनर रजत कुमार अग्रजी एवं बृजेश कुमार शर्मा ने प्रथम चरण से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को जनगणना के लिए तैयार पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन पर अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में सांख्यिकी अधिकारी राजेश कुमार, राघव पाठक, अभिषेक चौधरी, हमेन्द्र सिंह, मोहम्मद आसिफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरकारी कंपाउंडर ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिले के निहालगंज थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर कॉलोनी में एक सरकारी कंपाउंडर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बन गई है। मृतक की पहचान उदल सिंह (40) पुत्र मनोहर लाल के रूप में हुई है, जो अंबेडकर कॉलोनी के निवासी था। वह वर्तमान में अब्दुलपुर गांव में कंपाउंडर के पद पर कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि घटना के समय उसकी पत्नी दिल्ली में एक शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थीं और घर पर बेटा मौजूद था। इसी दौरान उदल सिंह ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना मिलते ही निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

# 2.4 लाख की बकाया पर 16 कनेक्शन डीसी किए, 50 हजार का जुर्माना लगाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह के आदेशानुसार और अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने बुधवार को निगम के बकायादारों के ऊपर कठोर कार्यवाही करने के लिए टीम बना कर फील्ड में भेजा जिसमें टीम शहर में संजीव पाठक फौजी और अन्य तकनीकी कर्मचारियों के साथ शहर में फीडर 2,3,4 और 5 पर बकायादारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए करीब 2.4 लाख की बकाया पर 16 कनेक्शन डीसी किए गए और मौके से ही 90 हजार जमा कराए गए।साथ ही 40 अवैध केबिल जप्त कर दो विद्युत चोरों की वीसीआर भर कर करीब 50 हजार का जुर्माना लगाया गया ।टीम ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल और तकनीकी कर्मचारियों द्वारा बकायादारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए फीडर नाड़ौरा, बाजना, सिलावट, गाड़ी कारीलपुर, डोंगरपुर से करीब 6 लाख की बकाया राशि पर 9 कनेक्शन डीसी किए गए ।करीब 60 अवैध केबलों को जप्त किया गया और 5 विद्युत चोरों की वीसीआर भर के करीब 1.8 लाख का जुर्माना लगाया गया।टीम मरैना में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा और कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड और तकनीकी कर्मचारियों ने गांव बकायादारों के खिलाफ गांव अतरौली, चड़ियांकपुरा, कठूमरी, चिलपुरा, घुरिया खेड़ा इत्यादि में कार्यवाही करते हुए करीब 25 लाख की बकाया राशि पर 7 ट्रांसफार्मर उठा कर 40 विद्युत कनेक्शन डीसी किए गए। और 80 अवैध केबलों को हटा कर जप्त किया गया और 4 विद्युत चोरों की वीसीआर भर कर 1.5 लाख का जुर्माना किया गया। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने लोगों से अपील की वे अपना बकाया बिल समय से जमा कर निर्बाध रूप से विद्युत का उपभोग करें।कोई भी व्यक्ति विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ न करें, प्रत्येक जीवन महत्वपूर्ण है।अगर किसी को विद्युत को लेकर कोई शिकायत है तो लाइनमैन,कनिष्ठ अभियंता को कॉल या कार्यालय में आकर सूचित करें।तिवारी ने उपस्थित लोगों से अपील की वे सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में पंजीकरण करा कर अपने घर की छत पर सोलर संयत्र लगवा कर सब्सिडी और मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकते हैं। टीम में वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश कुमार शर्मा,सोनेश कुमार,सोनपाल वर्मा, सालू सिंह, नरेंद्र सिंह,भूदेव प्रसाद, जगदीश सिंह, चित्र सिंह, संतोष लोधी इत्यादि तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।


धौलपुर...बकाया पर ट्रांसफार्मर जप्त करती बिजली विभाग की टीम

# घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई मैरिज होम से 9 सिलेंडर जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी की रोकथाम हेतु राज्य स्तर पर संचालित विशेष अभियान के तहत बुधवार को जिले के बाड़ी क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन दल ने दो प्रतिष्ठानों की जांच की।

जांच के दौरान बाड़ी शहर स्थित एक मैरिज होम में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। मौके से 9 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली एवं भट्टी जब्त की गई। मैरिज होम संचालकों को घरेलू गैस का अवैध भंडारण एवं व्यवसायिक दुरुपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अतिरिक्त बाड़ी स्थित कन्हैया रिसोर्ट की भी जांच की गई, जहां घरेलू गैस का दुरुपयोग नहीं पाया गया। वहीं बिजौली स्थित कंसाना एचपी गैस ग्रामीण वितरक की भी जांच की गई।


धौलपुर...कार्रवाई करती टीम

जिला रसद कार्यालय ने बताया कि अभियान के अंतर्गत घरेलू गैस का दुरुपयोग, अवैध भंडारण, विक्रय एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी गजेन्द्र बाबू शर्मा एवं जगदीश प्रसाद शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक जितेन्द्र गोठवाल शामिल रहे।



## महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारी ने निकाली जन-जागरूकता रैली

**राजाखेड़ा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि और भौमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में क्षेत्र में एक भव्य आध्यात्मिक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली फतेहाबाद तहसील के ग्राम लालपुरा, सलमपुर, नाथूपुरा और रामगढ़ से होते हुए गुजरी, जिसका समापन पुनः लालपुरा में हुआ। रैली के दौरान पूरा ग्रामीण क्षेत्र महादेव के जयकारों और 'एक-दो, एक-दो, बीड़ी पीना छोड़ दो' जैसे नशामुक्ति के नारों से गूंज उठा। रैली में देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां सजाई गई थीं, जिनमें दर्जनों महिलाओं, पुरुषों और नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बीके रंजना बहन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिवरात्रि पर हम शिवजी को आक, धतूरा और फूल तो अर्पित करते हैं, लेकिन वास्तविक अर्पण अपनी बुराइयों का होना चाहिए। इस कार्यक्रम में बीके रंजना बहन, बीके काजल बहन, बीके कुशमा, बीके रानी, फतेहसिंह शर्मा, राजेंद्र भाई, डब्बलसिंह भाई, सीताराम भाई सहित बड़ी संख्या में भाई-बहन और श्रद्धालु सम्मिलित रहे

# जानलेवा हमले के दोषी को 10 वर्ष की सुनाई सजा, 10 हजार का जुर्माना भी लगाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट न्यायाधीश राकेश गोयल द्वारा लगभग 10 साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। विशिष्ट न्यायालय ने आरोपी को कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशिष्ट न्यायाधीश राकेश गोयल ने आरोपी बृजमोहन उर्फ भगत पुत्र बनवारी लाल, निवासी राजाखेड़ा को दोषी ठहराते हुए उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश शर्मा ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला लगभग 10 साल पहले राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था। परिवादी ठेला संचालक सीताराम ने रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी बृजमोहन ने उस पर जानलेवा हमला करते हुए गोली चलाई थी।


विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश शर्मा

यह गोली ठेले को छूते हुए वहां खड़े ग्राहक उमेश श्रीवास्तव को लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए और गवाहों के बयान दर्ज किए गए। मेडिकल रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान अदालत में प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ मजबूत पैरवी की।अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद आरोपी को दोषी पाया।

## गायत्री परिवार का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का विकास : जस्टिस सतीश चंद्र कौशिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट की प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, एवं युवा मंडल बनानी है तथा विभिन्न समितियां का गठन करना है। आपस में तालमेल



एक दिवसीय संगठन निर्माण कार्यशाला गायत्री शक्तिपीठ धौलपुर पर आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सेवानिवृत्ति जस्टिस सतीश चंद्र कौशिक ने कहा की गायत्री ट्रस्ट का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व की भावना का उदय एवं पृथ्वी पर स्वर्ग का निर्माण करना है। उन्होंने कहा की युग पुरुष पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा शांतिकुंज में गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना की गई। अब 100 वर्षों बाद शताब्दी वर्ष के रूप में अखंड दीपक के 100 वर्ष पूरा होने पर, साधना के 100 वर्ष पूरे होने पर तथा बंदिनीय माताजी भगवती देवी के जन्म के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा की गायत्री परिवार में साधना, उपासना, आराधना, एवं संवेदन द्वारा कार्य करने को उत्तम बताया है इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट के राजस्थान प्रतिनिधि श्याम सिंह द्वारा 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2026 में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा संगठन निर्माण की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया गया उन्होंने कहा की अक्टूबर 2026 तक धौलपुर जिले के 845 गांव में बनाकर गुरुदेव की हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की भावना को सफल बनाना है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उप जॉन समन्वयक नरेश जोशी ने विस्तार पूर्वक बताया कि संगठन निर्माण कर हर घर में यज्ञ स्वाध्याय सेवा समर्पण तथा शांतिकुंज के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचना है।

इस अवसर पर धौलपुर के मुख्य ट्रस्टी इंजीनियर सुरेश चंद शर्मा द्वारा स्वागत भाषण कर ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी मुख्य कोऑर्डिनेटर कैलाश तोमर द्वारा जिले में चल रही गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर दयाकांत सक्सेना ने किया। इस अवसर पर सीता गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, कृष्ण कुमार परमार, राजीव सक्सेना, मलखान सिंह फौजी, राम गुर्जर, राजेंद्र अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, नेमीचंद महामना, प्रभाकर दीक्षित, गोपेश पचौरी, अतर सिंह, ओमवीर सिंह, रामवीर सिंह, मुन्ना लाल शर्मा, विनोद कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत पर हंगामा

### परिजनों का आरोप लापरवाही से हुई मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** बाड़ी शहर के सामान्य अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में एक नवजात शिशु की मौत के बाद हंगामा हो गया। घटना में जहां परिजनों ने चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है,वही अस्पताल प्रशासन ने मामले को बढ़ता देख पुलिस को बुलाया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृत बच्चे को परिजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार करेरूआ गांव निवासी गर्भवती महिला श्रीमती पत्नी सतीश कुशवाहा को आज सुबह 9:30 बजे अस्पताल लाया गया था। जिसके डिलीवरी होनी थी। ऐसे में डिलीवरी वार्ड के स्टाफ ने उसे तुरंत भर्ती कर उपचार दिया। इस दौरान करीब 1 घंटे बाद शिशु का जन्म हुआ। जो मृत पाया गय। शिशु के मृत होने की सूचना के बाद परिजन भड़क गए और उन्होंने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। प्रसूता महिला श्रीमती पत्नी सतीश कुशवाहा की सास हरिमाया ने बताया कि 5 दिन पहले भी उनकी बहू श्रीमती की तबीयत खराब हुई थी। जिसे अस्पताल आए थे। जहां उसको उपचार देने के दौरान बाहर से इंजेक्शन मंगा कर भी लगाए गए।


बाड़ी...अस्पताल में हंगामा करते परिजन

इसके बाद जब दर्द कम हो गए तो उसे घर भेज दिया गया। बुधवार को जब लेबर पैन बढ़े तो परिजन प्रसूता को लेकर अस्पताल आए। जहां मृत शिशु पैदा हुआ है। इसमे लापरवाही यह है कि 5 दिन से महिला का उपचार चल रहा था। यदि चिकित्सक और स्टाफ चाहता तो उसी दिन डिलीवरी हो जाती। जिसको जबरदस्ती रोका गया जिसके चलते शिशु की मौत हुई है।

अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया कि महिला को जब भर्ती किया गया था तो उसकी हालत खराब थी। उसे तुरंत वार्ड में ले जाकर ऑपरेट किया गया। महिला के मृत शिशु पैदा हुआ है। किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की गई है।

अस्पताल में हुए हंगामे के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन मृत बच्चे को लेकर घर रवाना हो गए हैं।

# सचिव रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर संजीव मागो के मार्गदर्शन में 18 फरवरी को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुल 11 विधि से संघर्षरत 1 देखरेख एवं संरक्षण, 2 शिशु उपस्थित मिले।

निरीक्षण के दौरान सचिव रेखा यादव ने बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंध, चिकित्सा सुविधा, परामर्श सेवाएं, शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया एवं विधि से संघर्षरत बच्चों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई


धौलपुर...निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं सचिव रेखा यादव

साथ ही उनके प्रकरणों एवं पढाई के बारे में भी जानकारी ली तो बच्चों ने परीक्षाओं के बारे में बताया साथ ही बच्चों ने मच्छरों की समस्या के बारे में भी बताया सचिव रेखा यादव ने अधीक्षक को निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे को विधिक सहायता, समुचित परामर्श एवं पुनर्वास योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए एवं मच्छरों की समस्याओं का भी समाधान सुनिश्चित करें इस मौके पर सचिव द्वारा दीवारों पर कुछ न लिखने एवं कढ़ाई न करने के भी निर्देश दिए एवं उनके अच्छे कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया साथ ही सचिव ने शिशु गृह में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य अभिलेख, टीकाकरण स्थिति तथा पोषण आहार की भी समीक्षा की गई। अधीक्षक को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आपातकालीन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर प्रंसीपल मजिस्ट्रेट नीतू, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मधु शर्मा, संप्रेषण गृह धौलपुर के संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के स्टेनो राहुल डंडोतिया आदि मौजूद रहे।

# पीएम श्री बाड़ा हैदरशाह में वार्षिकोत्सव समारोह सम्पन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाडा हैदर शाह धौलपुर में सम्पन्न वार्षिकोत्सव, एलुमिनीमीट, स्पोर्ट्स डे व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र जादौन, डॉ डीके बंसल, जगदीश प्रसाद सोनी व मुकेश कुमार गर्ग के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय में कक्षा कक्ष निर्माण करने वाले भामाशाह सुरेश चंद्र श्रोत्रिय, फर्नीचर डोनेट करने वाले डॉ डीके बंसल व सीएम सोनी तथा विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में विशेष प्रतिभा प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नरेश कुमार जैन ने कहा कि यह स्कूल अपने कायाकल्प का पूरा श्रेय भामाशाहों को देता हैप्राचार्य ने विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 2025में कक्षा 12में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी नीलम तथा सैकंडरी बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी कुमकुम को प्रत्येक को 5100 की नकद राशि प्रदान की। उन्होंने इस अवसर पर अपने विचा रखे। इस अवसर पर कक्षा 1से12 तक प्रत्येक कक्षा के टॉपर को भी विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र सिंह जादौन ने कहा बढ़ता नामांकन व बढ़ता परीक्षा परिणाम विद्यालय की प्रतिष्ठा के द्योतक है।




इस अवसर पर आज कोमिन खान ने अपने विचार रखे। रमा कुशवाह ने छात्राओं के लिए 51000की लागत से वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उपनिदेशक मुकेश कुमार गर्ग ने कहा कि बाड़ा हैदर शाह स्कूल की ख्याति से राजकीय विद्यालयों का मान बढ़ा है। गत बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लिए लोकेंद्र श्रोत्रिय, निशा त्यागी, निवेदिता शर्मा, धन्नो कुरैशी व वीणा वाडेकर को सम्मानित किया गया। विद्यालय विकास में सहयोग के लिए उपप्राचार्य कविता मीणा सहायक प्रशासनिक अधिकारी नीलम, शिक्षिका शालिनी जैन, शिक्षक धर्मप्रकाश , अनीता द्विवेदी व भामाशाह कोम्बीन खान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अन्त में उप प्राचार्य कविता मीणा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** आगामी माह मार्च में होलिका दहन, धुलण्डी, चेटीचण्ड सहित अन्य पर्वो एवं जयंतियो का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट हरिराम मीना ने बताया कि आगामी पर्वों एवं जयंतियो के दौरान जिले में शांति, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में 19 फरवरी को सायं 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# अवैध चंबल बजरी परिवहन और हमले के आरोपी पकड़े

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने अवैध चंबल बजरी परिवहन के दौरान पीछा कर रही पुलिस पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि 2 फरवरी को जरिये सूचना पर पुलिस टीम महुरूपुरा गांव के पास कार्रवाई करने गई थी। जहां कुआं खेड़ा की तरफ से दो बिना नंबर के स्वराज ट्रैक्टर चंबल बजरी से भरे तेज गति से आते हुए दिखाई दिए। जिनको पुलिस जाप्ता ने रोकना चाहा तो ट्रैक्टर चालकों ने रोकने की बजाय पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने इधर-उधर छिपकर अपनी हिफाजत की। उक्त पथराव के दौरान 112 नंबर पुलिस गाड़ी का फ्रंट शीशा भी टूट गया। जब पुलिस जाप्ते ने दोनों ट्रैक्टरों का पीछा किया तो आरोपी बीच रास्ते में बजरी को खलाकर जंगल में भाग गए। बाद में पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को बिहारीपुरा मोड वन विहार से जप्त किया गय। जिसका मामला सदर थाने पर दर्ज किया गया था।उक्त मामले में धारा 121,132,109,124,111,125, 303 बीएनएस और 29/51 वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के साथ फॉरेस्ट एक्ट में कार्रवाई की है। जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र भभूति गुर्जर और बलिस्टर उर्फ भल्ली पुत्र भभूति गुर्जर निवासी मोती का पूरा माजरा कुआं खेड़ा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। पुलिस की कार्यवाही में हेड कांस्टेबल सुघड़ सिंह,हल्केराम और कांस्टेबल रोहिताश कुमार का विशेष सहयोग रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।